The community development and national extension services have been in operation for more than seven years. We have pinned all our hopes and aspirations for bringing about a social change in the villages and the economic prosperity and the amelioration of the living conditions of the masses of rural areas. We have to see by statistical data as to whether the community development and national extension programmes have succeeded in bringing about this change and economic prosperity in rural areas. For this purpose I will divide the community development and national extension programmes into two different categories. Firstly, it is concerned with agricultural production and secondly, it is concerned with welfare activities.

So far as agricultural production in the country is concerned, this country has been clamouring since 1943, that is, since the Bengal famine, for self-sufficiency in the matter of food. What is the result today? I was reading the report which was given to this Government by the agricultural production teams sponsored by the Ford Foundation. In that report I found certain things which are revealing. In that report it has been mentioned that the population of this country will increase from 360 million in 1951 to 480 million in 1965-66. In the Third Five Year Plan 80 million more people will be required to be fed. If our food production increases at the present rate—the annual average increase has been 3·2 per cent. between the period 1952-53 to 1959-60—then there would be a shortfall of about 28 million tons between the demand and the supply in this country. It is a chronic problem with which this country has been confronted. We have been importing foodgrains from foreign

countries and paying huge amounts of money to farmers in America, Canada and some other places. It has been estimated that we have spent to the extent of Rs. 1400 crores in importing foodgrains. We have to see what is the achievement of the community development and the national extension programme on the agricultural front apart from the welfare activities which they have been undertaking for the last seven years. My contention is that the prosperity of rural India depends upon the increase or decrease in the agricultural production. If we take into consideration the conditions prevailing today in the villages we find an appallingly low living standards of the masses. This could be analysed by one fact and that is the analysis of the national income. The analysis of the national income shows us the dependence of this country on different economic pursuits and invites our attention to any imbalance that might be there. It also indicates the distribution of wealth. What is the position? In 1947-48 the *per capita* income of the rural people was Rs. 156 whereas in 1958-59 it has gone down to Rs. 136. In the case of the urban people, the *per capita* income in 1948-49 was Rs. 733 whereas today it has gone up to Rs. 810. This indicates the conditions prevailing in rural India. On an average, a person in the rural area has got only Rs. 13 to spend on consumer goods which by the process of analysis comes to six annas per day.

Let us take into consideration another factor. The index of the rural economy is rural indebtedness. What is the position today in the rural India? It has been estimated by great authorities like Shri B. K. Mukerjee that today, rural India is indebted to the extent of Rs. 2000 crores. This is the outstanding debt. It has also been stated by the All-India Agricultural Credit Survey that the annual requirements of the cultivators of the country for seasonal agricultural operations come to about Rs. 750 crores of rupees. It has also been stated by the Deputy Governor of the Reserve Bank recently in Calcutta that as a rough guess the annual requirements of the cultivators of the country come to about Rs. 1000 crores.

It is further more interesting to note from the report of the All-India Agricultural Credit Survey that the rate of interest varies from Rs. 15 to Rs. 25 per cent. and in some places, particularly in western U. P., it has been stated that the rate of interest exceeds even Rs. 50 per cent. Let us calculate at this rate of interest what is the amount that the cultivators of the country have to pay to the moneylenders of the country. Taking Rs. 15 as the normal rate of interest that would be charged by the money-lenders of this country for a standing debt of Rs. 2000 crores, the amount of interest comes to Rs. 300 crores per year. Apart from that, as I have stated before, according to the rough estimate made by the Deputy Governor of the Reserve Bank, the agriculturists require Rs. 1000 crores annually for seasonal agricultural operations. The interest on that amount will come to Rs. 150 crores. Adding both together, the cultivators will have to pay Rs. 450 crores as interest to the moneylenders of the country per annum. This is not the whole picture.

Now, the Indian cultivators today are required to pay the land tax. What is the amount of the land tax that is being realised by the States? The amount of the land tax that is being realised comes to about Rs 80 crores per annum. Again, the amount realised by way of sales tax comes to Rs. 60 crores. This is not the whole picture. The Union Government also is realising the money through union excise duties and that amounts to Rs. 380 crores. According to the calculation that I have made, out of Rs. 380 crores, the burden which falls on the rural people comes to about Rs. 300 crores. Apart from that, the cultivators of the country are required to pay other taxes such as municipal, octroi, cess and so many other things. Thus altogether it comes to about Rs. 1000 crores per annum. This is a big drain on the rural sector of the economy.

[Shri D. R. Chavan]

According to the National Income Committee the national income of the country was 11,360 crores of rupees. It has also been stated that 48 per cent. of it falls to the share of rural India. Let us assume that the 50 per cent. of the total national income falls to the share of rural India. If you divide this income by the rural population of the country by which process the *per capita* income will come to Rs. 130 or Rs. 140.

As against this background in rural India, their poverty-striken conditions and their appallingly low living standards, it was expected that the community development and national extension services will concentrate all their attention on the development of agricultural production. After all, the standard of living of a farmer or a rural Indian depends upon his agricultural income. And again it depends on the rise or fall in the agricultural prices. As I pointed out before, there exists a very great disparity in the *per capita* income of the rural people and the urban people due to the continued exploitation of the rural masses coupled with the fact that there is unemployment and under-employment in the villages. The cultivators of the country are required to pay higher prices for consumer goods and other necessities of life.

Secondly, these agriculturists are not getting economic prices for the farm produce and we have been clamouring since long that the cultivators of the country should be given an economic price. It has also been stated in the report that has been submitted by the Ford Foundation Team that unless the Indian cultivators are guaranteed economic prices and also marketing facilities, there is no possibility of any increase in the agricultural production.

Now, what is the effort that has been made by the Government in the co-operative sector? The report that has been submitted by the Ministry gives a revealing picture. The report says that out of 1·35 lakhs of agricultural credit and multi-purpose societies, audited during 1956-57 about 20,000 societies were in 'A' and 'B' categories, 1,03,000 were in 'C', 'D' and 'E' categories and about 10,000 societies were unclassified. The report further says that out of a total number of 1·35 lakhs of societies, about 1 lakh societies in 'C', 'D' and 'E' categories require liquidation. Another important fact is that an amount of Rs. 23 crores is still due from the members of the societies. This is the dismal picture of our co-operative credit effort in providing the badly-needed rural finance to increase the agricultural product on.

The people of Maharashtra are poor, they are mostly peasants and labourers, the rate of capital formation is also very low there. Our cultivators have, therefore, started organising co-operative sugar factories. The experiment was for the first time made in Bombay State. The first co-operative sugar factory was started in 1950, and since then, in the Second Plan, most of the co-operative sugar factories have come up in the Maharashtra region. There are twenty such factories and all of them are absolutely genuine. But the co-operative sector is being taxed by the Finance Minister as against the recommendations of the Taxation Enquiry Commission.

These factories have come up on account of the efforts of the cultivators of the country, and in not any one of them a member has more than ten shares. They have borrowed from the Industrial Finance Corporation, the State and Central Governments have also contributed their share. But if the taxation proposal is to apply to these factories, that will be the end of everything.

I accuse the Government, and particularly this Ministry, which is responsible for co-operation, for not taking up this issue with the Finance Minister and fighting out the case of the co-operative sector.

Shri B. S. Murthy: It has been done, please.

Shri D. R. Chavan: I do not know, but you have to fight with your back to the wall because your Ministry is responsible for the growth of the co-operative sector.

Shri B. S. Murthy: Not with back to the wall.

Shri D. R. Chavan: Because this is a very important sector.

Mr. Deputy-Speaker: So that you might have no room to retreat!

Shri D. R. Chavan: Therefore, you have to fight with determination, taking it up as a policy issue.

I accuse that this is a deliberate attempt on the part of the Government to strangulate the co-operative sector that is coming up, particularly in the large-scale industry. The peasants have invested Rs. 175 lakhs per factory. I am also associated with one of the co-operative sugar factories; even though I am not a producer member, I have certainly helped the organising cultivators in collecting contributions from the peasants. They have given about Rs. 30 lakhs.

From my part of the country a delegation had come to Delhi led by the eminent economist, Dr. D. R. Gadgil. They approached this Ministry concerned with this sector of the economy. All the matters have been placed before the Minister and he has been requested to take up the matter with the Finance Minister. May I humbly request the Minister that before the Finance Bill is considered, this matter should be taken up with the Finance Minister as a policy matter?

Shri B. S. Murthy: I have already said that the matter has been taken up, and it is being pursued very persistently by the Ministry to see that industries in the co-operative sector are exempted.

An Hon. Member: What is the reply of the Finance Minister?

Shri D. R. Chavan: I have not followed what he said.

Ch. Ranbir Singh: He has already approached the Finance Minister.

Mr. Deputy-Speaker: He has already approached the Finance Minister to do what the hon. Member wants him to do.

An Hon. Member: What is the result?

Shri D. R. Chavan: I am very thankful to him if he has already approached.

Mr. Deputy-Speaker: The only difference is that the hon. Member wants him to fight with his back to the wall!

Shri D. R. Chavan: The co-operative sector that is coming up must be exempted, as that is the only hope for the cultivators; otherwise there is no hope of industrialisation of the hinterland of Maharashtra.

The Maharashtra area is peculiarly suitable for the growth of the sugar industry.

Shri B. S. Murthy: Very sweet.

Ch. Ranbir Singh: A very sweet area.

Shri D. R. Chavan: It is a very sweet area because it gives on an average about 80 tons per acre, and the percentage of recovery is 14·5, the highest in India. It can be compared favourably with Java for yield and Australia for recovery. When the co-operative sector is coming up in that part of the country, and when it is in its infant stage, if you try to strangulate it, I do not think there will be any hope. The Minister has given the assurance on the floor of the House that he is pursuing this matter. Whatever may be the result, let him do his duty to Parliament and the country.

[Shri D. R. Chavan]

I feel it my bounden duty to give a warning to Parliament and Government about a very disturbing feature developing in our country. According to the figures I have calculated, which are subject to correction, I find the rate of growth of population in the rural areas is higher than in the urban area. This creates two unnatural man-made economic zones in the country, the urban and rural zones, and the rural zone is overcrowded, over-populated, under-fed, under-developed, The entire rural area is developing into a demographic danger area. What will be the consequence if the hungry millions in the countryside, who are unemployed and under-employed today, who are having appallingly low standards of living, become politically conscious? It will create friction. (*Interruptions*). I am talking very seriously.

Mr. Deputy-Speaker: And I am listening very seriously.

Shri D. R. Chavan: These Members are creating a disturbance here, therefore I said I was speaking very seriously. Let them also listen to me very seriously.

Shri Tangamani: We are only encouraging.

Shri D. R. Chavan: While this area is developing into a demographic danger area, the unemployed and under-employed millions living in the country are today becoming politically conscious. It would be socially and psychologically also undesirable for the rural masses to feel that they are destined to remain penurious. The future of the country will depend on what we do in the coming four or five years. The future of democracy will depend upon how far we are able to succeed in ameliorating the conditions of the masses, the people living in the rural areas, the illiterate and the uneducated, the economically crippled and the helpless masses in India today. If we succeed in ameliorating the conditions of these people, we succeed in building democracy in this country. If we fail, you fail; and the danger time is 1967.

Mr. Deputy-Speaker: There was one thing peculiar which I noticed in the hon. Member's speech towards the end. He said, 'if we succeed, we succeed', and 'if we fail, you fail'.

श्री ओंकार लाल (कोटा—रक्षित—अनुसूचित जातियां) : उपाध्यक्ष महोदय, आज सदन में जो सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय की डिमांड्स पर चर्चा चल रही है तो इस में कोई सन्देह नहीं कि उस के द्वारा देश में एक अच्छा वातावरण पैदा हुआ है और इस से मंत्रालय ने काफी प्रगति की है। यह हर्ष का विषय है कि लोगों के दिल में आफिशिएल क्लास के लिए जो पहले एक भय की भावना रहती थी वह कम हो गई है। शिक्षा के लिए अधिक सुविधायें की मांग, एग्रीकलचर व इरीगेशन फैसलटीज के लिए अधिक मांग की जा रही है। इसी तरह रोड्स की, पीने के पानी के कुओं के लिए और मैडिकल एड्स की सुविधाओं की मांग और कलवर्टस के लिए अधिक रुपये की मांग की जा रही है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति पर भी काफी प्रभाव पड़ा है और शिक्षा की दृष्टि से भी काफी उन्नति हुई है।

मैं यह निवेदन करूंगा कि कोटा जिला जहां का कि मैं रहने वाला हूं और जिस निर्वाचन क्षेत्र से मैं चुन कर आया हूं वहां पर मैंने कम्युनिटी ब्लाक्स का दौरा किया है और शुभधरा और खुशालीपुरा की इन दो बस्तियों में जो कि भीलों व महरीया जाति के लोगों की बस्तियां बसाई गई हैं, उनको जमीनें दी गई हैं और शाहाबाद ब्लाक की शुभधरा व खुशालीपुरा बस्तियों में ६० फैम्लीज और १०० फैम्लीज रहती हैं। उनको खेती के साधन भी दिये गये हैं। सहकारिता के आधार पर उनको खेतीबाड़ी करने की सुविधा दी गई है। इस प्रकार

से जो लोग बहुत गरीब थे और आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हुए थे उनको सामुदायिक विकास योजना के मातहत सहायता देकर सरकार ने एक स्वागत योग्य कदम उठाया है।

इसी प्रकार से कोटा में लाडपुरा में भीलों की एक कालोनी बनाई गई है जहां पर कि भीलों को रुपया दिया जाकर उन की आर्थिक उन्नति की ओर ध्यान दिया गया है।

अब मैं इस मंत्रालय का ध्यान एग्रीकलचर साइड की ओर दिलाना चाहता हूं। इस ओर ध्यान दिया जाना निहायत जरूरी है और इसको टौप प्राएरिटी मिलनी चाहिए। इसमें मेरी समझ में कोई दो राय नहीं हो सकतीं हैं। हमारे पास हर एक ब्लाक में सीड स्टोर्स, फर्टिलाइजर्स, इर्रीगेशन फैसिलिटीज सुलभ हैं और साथ ही टेक्निकल स्टाफ भी मौजूद है लेकिन इतना सब होते हुए भी हमें पूरी सफलता नहीं मिली है हालांकि अधिक से अधिक जोर फुड एंड एग्रीकलचर मिनिस्ट्री भी देती है और कम्यूनिटी डवलपमेंट का मुहकमा भी इस ओर जोर देता है लेकिन इतने पर भी देखते हैं कि हम गल्ले के मामले में सैल्फ सफिशिएंट नहीं हो रहे हैं। आखिर इस का कोई खास कारण तो होना चाहिए कि हम अब तक फुड के मामले में सैल्फ सफिशिएंट क्यों नहीं हो पाय और इस ओर जो अधिक प्रगति नहीं हो पाई है तो उसका कोई कारण तो होना चाहिए। जहां तक मैं समझता हूं इसका कारण वास्तव में यह है कि इस सवाल पर जितना फोर्स देना चाहिए वह फोर्स हम नहीं देते हैं, उतना ध्यान इस समस्या की ओर नहीं देते हैं जितना कि हमें देना चाहिए। दूसरे कामों की ओर हम अधिक ध्यान देते हैं। रोड्स और कलवर्टस आदि पर हम पबलिक मनी ज्यादा खर्च करते हैं और एग्रीकलचर के लिए अपेक्षाकृत कम रुपया खर्च करते हैं। हमें इस ओर अपनी एफर्टस कंसंट्रेट करनी चाहिएं और फुड प्रोडक्शन को अधिक महत्ता देनी चाहिए बनिस्बत और प्रोग्रामों के वरना हम सन् १९६१ तक जो ८०–५ मिलियन टन का टागट है उस तक नहीं पहुंच सकेंगे। इस मिनिस्ट्री का खास काम एग्रीकलचर को बढ़ाना है, खाद्य उत्पादन को बढ़ाना है। जब हम कहते हैं कि खाद्यान्न के सम्बन्ध में हमें आत्म निर्भर बनना है तो यह जरूरी है कि इस ओर अधिक से अधिक ध्यान दिया जाये।

अब मैं ट्रेनिंग की तरफ आपकी तवज्जह दिलाना चाहता हूं। जो ट्रेनिंग अब तक दी गई है या दी जाती रही है, उसमें तो कोई संदेह नहीं है कि ट्रेनिंग जरूर दी जानी चाहिए ताकि हमारे यहां के लोगों का दृष्टिकोण बदले और उस से हम नान आफिशिएल्स पर असर डाल सकें और उस असर का अधिक से अधिक फायदा हो सके। लेकिन हम इस ट्रेनिंग की ओर अधिक ध्यान दें तो यह मालूम होगा कि वास्तव में जो ट्रेनीज आते हैं वे वह दृष्टिकोण और ऐंगिल आफ विजन नहीं रख पाते जो कि वास्तव में होना चाहिए और जिसके कि परिणामस्वरूप ग्रामीण जनता पर उसका उतना असर नहीं होता जितना कि होना चाहिए। हम को उनमें एक मिशनरी जील भरनी चाहिए ताकि वे लोग अधिक लगन से काम कर सकें और जनता की सेवा कर सकें। इसके साथ ही उन्हें प्रोग्राम में पूरा विश्वास होना चाहिए ताकि वे लोग उस समय तक चैन से न बैठें जब तक कि अच्छे नतीजे न हासिल कर लें। इस प्रकार की भावना ट्रेनीज में होनी चाहिए। केवल ब्लाक्स के खुल जाने से ही सारा कार्य नहीं हो जाता। सड़कों और कुओं का पानी मिल जाने से ही सारा कार्य पूरा नहीं हो जाता है। जब तक हम ग्रामीण जनता का सारा सोशल आउटलुक नहीं बदलेंगे तब तक कोई सफलता पूरी तौर से नहीं मिल सकेगी।

इसी प्रकार माइनर इर्रीगेशन की जो फैसिलीटीज हैं उन पर पूरी रकम खर्च नहीं हो पाती है। इर्रीगेशन पुटैनशिएल्टीज का पूरा उपयोग नहीं किया गया है। मैं यह निवेदन करूंगा कि हमारे लिए डवल

[श्री ओंकार लाल]

क्रोपिंग का होना नितान्त आवश्यक है जिससे कि गांवों के किसान खुशहाल हो सकें।

आज ड्रेनेज की उचित व्यवस्था के अभाव में जमीनें पानी में डूबी रहती हैं अर्थात वाटर लौगिंग हो जाती है और जमीन काश्त के काबिल नहीं रहती है। इस ओर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए।

अब मैं आपका ध्यान कोआपरेटिव सोसाइटीज की ओर दिलाना चाहता हूं। जितनी भी हम कोआपरेटिव्स खोलते हैं उनमें जो हमें पूरी सफलता नहीं मिल पाती है तो आखिर इसके पीछे क्या कारण है ? जहां तक मैं समझ पाया हूं उनके असफल होने का एक बड़ा कारण तो यह है कि इन कोआपरेटिव्स के जो मेम्बर्स बनते हैं वे वास्तव में समझते ही नहीं कि आखिर कोआपरेशन का सहकारिता का आधार क्या है। वे तो सिर्फ यह जानते हैं कि पहली किश्त, दूसरी किश्त और तीसरी किश्त में रुपया किस तरह लिया जाय लेकिन जो सहकारिता का वास्तविक अर्थ है वह समझ नहीं पाते हैं। जो लोग इन कोआपरेटिव्स में शरीक होते हैं, मैम्बर्स होते हैं वे होशियार लोग होते हैं और व लोग इन सोसाइटीज का फायदा उठाते हैं और दूसरे लोग उनका फायदा नहीं उठा पाते हैं। इस तरह से यह कोआपरेटिव सोसाइटीज सफलतापूर्वक चल नहीं पाती हैं और हमें उसमें नुकसान उठाना पड़ता है। उनको बड़ा भारी धक्का पहुंचता है। अब होता यह है कि इन ग्राम पंचायतों में जो बड़े-बड़े धनी या सेठ लोग होते हैं और यह ऊंची जाति के लोग होते हैं इन के द्वारा गरीब और छोटी जाति के लोगों का शोषण होता है और एक्सप्लाएटेशन होता है। इस से पंचायतें उन छोटे लोगों का शोषण करती हैं और यहां की पंजायतें ठीक प्रकार से काम नहीं कर पाती हैं। मैं निवेदन करूंगा कि इस मिनिस्ट्री का ध्यान इस ओर जाना चाहिए और इस को मिनिस्ट्री के द्वारा पूरी-पूरी गाइडिएंस मिलनी चाहिए।

मैं इस ओर भी इस मंत्रालय का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि जो एक युनीफार्म बजट रक्खा जाता है तो यह भी एक सही तरीका नहीं है क्योंकि कई ब्लाक्स ऐसे होते हैं जहां कि अधिक मात्रा में लिखे पढ़े लोग होते हैं जब कि कई ब्लाक ऐसे भी होते हैं जहां कि अशिक्षित लोगों की मात्रा अधिक होती है और फर्ज कर लीजिये कि एक ऐसे ब्लाक में जहां कि पढ़े लिखे लोग होते हैं वहां तो वह रकम खर्च हो जाती है लेकिन जहां कि ब्लाक्स कमजोर होते हैं या जहां कि लोग अशिक्षित होते हैं या जहां कि लोगों का कोआरेशन या कंट्रीब्यूशन नहीं हो पाता है वहां पर वह रकम कम खर्च हो पाती है। इस प्रकार जो यह बटवारा किया जाता है यह भी गलत है। हमको केवल रकम खर्च होने से ही यह अन्दाजा नहीं लगा लेना चाहिये कि यह ब्लाक ठीक काम कर रहा है। असली टैस्ट तो उसकी सफलता का यह होना चाहिए कि उस ब्लाक के लोगों में कितनी जाग्रति पैदा हुई और कितना उनका जीवन स्तर ऊंचा उठा है। अगर उस क्षेत्र के रहने वालों का जीवन स्तर ऊंचा होता है और उनमें जाग्रति पैदा होती है, तब तो हम कह सकते हैं कि यहां पर ठीक प्रकार से रुपया खर्च हुआ है और इस ब्लाक में काम ठीक तरह से हुआ है। लेकिन लोग एक्सपेंडीचर की तरफ ही ज्यादा ध्यान देते हैं और हर ब्लाक आफिसर यह चाहता है कि वह रकम किसी भी प्रकार से खर्च कर दे। जब बजट इयर का अन्त होने को होता है तो दौड़ पड़ती है और श्रमदान वगैरह में ५०-५० के बैसिस पर रकम खर्च कर दी जाती है। लेकिन जनता का कोआपरेशन नहीं हो पाता। जो वहां के वरकर हैं वह झूठे बिल बना देते हैं और पीपिल्स कंट्रीब्यूशन नहीं होता। मैं तो समझता हूं कि यह श्रमदान केवल एक ढकोसला है। मैं तो निवेदन करना चाहता हूं कि श्रमदान से कोई फायदा नहीं होता बल्कि इससे हमारे यहां पर एक प्रकार

का मारल डिग्रेडेशन होता है और लोगों में बेईमानी की भावना पैदा होती है और वह इस तरह से काम करते हैं कि किसी तरह रकम पूरी हो जाए और अपनी हायर आथारिटी को बतला सकें कि रुपया पूरी तरह खर्च हो गया। तो मैं निवेदन करूंगा कि इस सम्बन्ध में जो सिर्फ एक्सपेंडीचर पर ही ध्यान दिया जाता है यह गलत है, और श्रमदान की प्रथा को तो बिल्कुल तोड़ देना चाहिए। जो भी काम हो वह गवर्नमेंट के अपने पूरे खर्च से हो। जो भी सड़क या कलवर्ट आदि बनायी जाए वह गवर्नमेंट अपने पूरे खर्च से बनावे और मेनटिनेंस के लिए गांव वालों को दे दे, तभी गांवों का काम ठीक तरह से चल सकता है।

अन्त में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि यहां सेंटर में जो मिनिस्ट्री काम करती है उसका कार्य ठीक होता है लेकिन मैं इतना निवेदन अवश्य करना चाहता हूं कि स्टेट्स में जो काम होता है वह ठीक प्रकार से नहीं होता है। स्टेट्स के लोग इस पर ठीक तरह से ध्यान नहीं देते और इसलिए जितनी भी पालिसीज बनतीं हैं, जितने भी नियम बनते हैं उनका ठीक प्रकार इम्प्लीमेंटेशन नहीं हो पाता। इसी लिए हम जो चीज ग्रामीण जनता में पैदा करना चाहते हैं वह नहीं कर पाते और जो रिजल्ट या टारजेट हम प्राप्त करना चाहते हैं वह नहीं हो पाता। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि जिस तरह से इस काम के लिए सेंटर में एक अलग मिनिस्ट्री है उसी प्रकार स्टेटों में भी इस काम के लिए अलग मिनिस्ट्री होनी चाहिए ताकि वह देख सकें कि काम ठीक तरह से होता है, और वह सारे क्षेत्र में दौरा कर सकें और देख सकें कि पब्लिक की क्या कठिनाइयां हैं, क्या काम होना चाहिये और क्या काम नहीं होना चाहिए और कहां पर इंसेंटिव मिलना चाहिए और किस प्रकार का कार्य वहां पर होना चाहिए।

मैं यह भी निवेदन करूंगा कि महिलाओं को इस काम में अधिक प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। यह कार्य बहुत ही कठिन कार्य है। सब तरफ से आक्षेप हो रहे हैं कि इसमें अधिक सफलता नहीं मिली है। म भी समझता हूं कि इसमें हमें अधिक सफलता नहीं मिली है और जो हम चाहते हैं कि ग्राम राज्य हो जनता का राज्य हो और जिस तरह का हम स्वाराज्य स्थापित करना चाहते हैं वह नहीं हो पाता है। हमने अभी उसकी रूपरेखा ही तैयार की है और हम उसे लागू कर रहे हैं, लेकिन वह पूरी तरह नहीं हो पा रहा है। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि इस काम में महिलाओं को स्थान दिया जाना चाहिए। महिलायें जिस प्रकार घरेलू कामों को कार्यकुशलता के साथ करती हैं उसी प्रकार इस काम को भी ठीक तरह से चला सकेंगी। यह तो एक फैमिली का काम है, यह एक आदमी का काम नहीं है। एक गांव तो एक फैमिली की तरह ही होता है। इसलिए अगर इस काम में महिलाओं को अधिक स्थान मिलेगा और उनको अधिक इंसेंटिव दिया जाएगा तो मैं समझता हूं कि वह इस कार्य में पुरुषों की अपेक्षा अधिक उपयोगी साबित हो सकेंगी क्योंकि उनका अधिक सम्बन्ध इस प्रकार के कार्य से रहता है, और इस प्रकार जो हम चाहते हैं वह भी हमको मिल सकेगा।

अन्त में जो आपने मुझे समय दिया उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

उपाध्यक्ष महोदयः श्री बाफना।

मैं सीनियर मेम्बर साहबान से विनय करूंगा कि वह कुछ इन्तिजार करें। कई माननीय सदस्य अभी तक नहीं बोले हैं।

श्री प० ला० बाफना (बीकानेर—रक्षित—अनुसूचित जातियां) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने सहकारिता और विकास खंडों द्वारा जो हमारे देश का निर्माण कार्य शुरू किया है इसको मैं शुभ लक्षण समझता हूं।

[श्री प० ला० बारूपाल]

हमारे पूर्व वक्ताओं ने अपनी अपनी राय प्रकट की है। किसी ने कहा कि पंचायती राज्य जो स्थापित किया गया है या स्थापित किया जा रहा है, उसमें ग्रामीण जनता को अधिक अधिकार नहीं देना चाहिए, और किसी ने कहा श्रमदान नहीं होता। मैं राजस्थान का रहने वाला हूं, सबसे पहले पंचायती राज्य की स्थापना हमारे राजस्थान में हुई है और उनका परीक्षण हो रहा है। मैं उसको बहुत अच्छा समझता हूं। और मैं यह भी मानता हूं कि वह काफी फलीभूत हुआ है। कुछ हमारे अन्दर जो निहित स्वार्थ वाले लोग हैं उनको यह बुरा महसूस होता है। लेकिन मैं समझता हूं कि अगर देश में सही मानों में समाजवाद की स्थापना हो सकती है तो वह सहकारिता के आधार पर ही हो सकती है। इसलिए सहकारिता को अधिक से अधिक प्रोत्साहन देना चाहिए। बापू जी के शब्दों में हमारा जो असली भारत है वह तो भारत के सात लाख गांवों में बसता है। अगर हम सही मानों में लोक राज्य की स्थापना करना चाहते हैं, ग्राम राज्य लाना चाहते हैं, तो मैं समझता हूं कि गांवों को पंचायतों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन देना चाहिए। हमारे बहुत से भाई यह शंका उत्पन्न करते हैं कि पंचायतों के कारण गांवों में बहुत झगड़े फिसाद होंगे। कुछ हरिजन भाई यह समझते हैं कि इनके कारण सवर्ण भाइयों में उनके प्रति बदले की भावना पैदा हो जाएगी। हो सकता है कि कुछ हरिजन भाइयों के सामने कुछ परेशानियां आएं, लेकिन धीरे-धीरे सब ठीक हो जाएगा। हमने देखा है कि पंचायतें ही गांव वालों की तकलीफों को ठीक तरह से समझ सकती हैं और उनके भले के लिए काम कर सकती हैं। अगर हम अपने छोटे मोटे झगड़ों का फैसला पंचायतों के बजाए अदालतों में करायेंगे तो यह अच्छा नहीं होगा। फिर तो यह ग्राम राज्य न होकर कानून का राज्य हो जाएग और हम इसको जनता का राज्य नहीं कह सकेंगे क्योंकि कानून का लाभ तो उन्हीं लोगों को मिल सकेगा जिनके पास पैसा होगा और जिनको वकीलों की सहायता उपलब्ध होगी। इसलिए मेरा मत है कि अगर हम जनता का राज्य स्थापित करना चाहते हैं तो हम उसको पंचायतों के द्वारा ही स्थापित कर सकते हैं। मैं तो मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगा कि वह पंजायत प्रणाली को नगर निगम और नगर पालिकाओं में भी जारी करें और जैसे अधिकार पंचायतों को लिए हैं वैसे ही अधिकार उनको भी दें और छोटे मोटे मामलों का वह स्वयं फैसला कर सकें।

इसके बाद मुझे जो सोसाइटीज का अनुभव हुआ है उसके बारे में कुछ कहना चाहता हूं। मैं मानता हूं कि सोसाइटियों में कुछ गड़बड़ेशन जरूर है। मेरा मतलब यह है कि इनमें भी कुछ निहित स्वार्थ वाले लोग घुस जाते हैं और वे अशिक्षित आदमियों को इनसे फायदा नहीं उठाने देते और खुद ही इनका फायदा उठा लेते हैं। मैं बुनकर हूं। मैंने दो चार सोसाइटियों बुनकारों की स्थापित कीं और उनका काम चलाया, पर मुझ से अफसरों ने कह दिया कि तुम इनमें रह नहीं सकते क्योंकि तुम स्वयं बुनाई का काम नहीं करते। यह ठीक है। मैं बुनकर हूं और मेरे बाप दादा बुनकर थे, लेकिन पार्लियामेंट का मेम्बर होने के नाते मैं बुनकर का काम स्वयं नहीं कर पाता हूं। इस कारण कहा जाता है कि तुम इस सोसाइटी में नहीं रह सकते। लेकिन हरिजनों के कुछ दूसरे उद्योग हैं, जैसे चमड़े का उद्योग और हड्डी का उद्योग है। इसको बड़े-बड़े लोग कर रहे हैं जो कि पैसे वाले हैं। इन कामों में मेहनत करने वाले लोग दूसरे हैं लेकिन दूसरे लोग इन कामों में पैसा लगा कर घर बैठे मुनाफा उठाते हैं, और जैसा कि श्रीमती सुभाद्रा जोशी ने कहा है, काम करने वाले ग़रीब लोग दूसरे हैं। माननीय मंत्री

को इस ओर ध्यान देना चाहिए। जिस आदमी का किसी काम से सम्बन्ध नहीं है, जिस धन्धे से किसी का सम्बन्ध नहीं है, उस आदमी को किसी प्रकार से उस सोसाइटी का सदस्य नहीं बनाया जाना चाहिए, मैं भी इस बात से सहमत हूं।

खादी का धंधा एक ऐसा गोरख-धंधा हो गया है, एक ऐसा भंवर-जाल हो गया है कि उस की असलियत में कोई नहीं जा सकता, लेकिन खादी का काम करने वाले के नाते मेरा इस से गहरा सम्बन्ध है। मैं समझता हूं कि खादी का काम धीरे धीरे बिजिनेस की साइड में जा रहा है और उस से ग़रीबों को कोई विशेष लाभ नहीं हो रहा है। बापू जी का सुन्दर स्वप्न यह था कि खादी के द्वारा ग्रामों में बेकारों को रोजी दें और बुनकरों की बेकारी दूर हो, लेकिन यह काम अब मशीनरी के रूप में किया जा रहा है और दूसरे लोग उस पर हावी होते जा रहे हैं। वे संस्था बना कर गवर्नमेंट से काफी लाभ उठाते हैं, लेकिन ग़रीब काम करने वालों को वही आठ आने, बारह आने, रुपया, डेढ़ रुपया मिलता है। बाकी सारा रुपया सेल्समैन को और दुकान की व्यवस्था और उस के एडवरटाइजमेंट में चला जाता है। इस लिए इस बात की जरूरत है कि खादी का काम करने वाले जितने लोग हैं, बुनकर, कातने वाले और दूसरे लेबरर्ज, उन सब का बराबर का हिस्सा रख कर संस्थाएं बनाई जाएं, जो खादी का सब काम करें। यदि इस काम को सहकारिता के आधार पर चलाया जाये, तो बहुत अच्छा होगा और काम करने वालों को न्याय मिलेगा। इस समय जो संस्थाएं खादी का काम कर रही है, उन को भी इसी ढंग से चलाया जाना चाहिए।

जहां तक श्रमदान का सम्बन्ध है मेरे मित्र श्री ओंकार लाल ने कहा है कि श्रमदान में हम लोग विश्वास नहीं करते है। मैं यह कहूंगा कि अगर श्रमदान में वह विश्वास नहीं करेंगे, तो क्या वह भारतीय जनता को निकम्मी बनाना चाहते हैं? वह उस को किस तरह आगे ले जाना चाहते है? विकास कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि अविकसित क्षेत्रों को विकसित बनाया जाये और वह तभी हो सकता है कि उन क्षेत्रों में काम हो लेकिन सरकार ने इस सम्बन्ध में यह नियम बना दिया है कि यदि लोग किसी गांव में स्कूल, कुंआ या पंचायतघर आदि बनाना चाहते है, तो उस के खर्च में गांव वालों का हिस्सा होना चाहिए। मान लीजिए कि इस पर बीस हजार रुपए खर्च किए जाते हैं, तो दस हजार रुपए गांव वाले दें। दस हजार रुपए वही दे सकता है, जिस के पास पैसा है और जो अच्छा इलाका है, जिस में उपज हो सकती है। लेकिन जो पिछड़ा हुआ इलाका है जहां मजदूर नहीं है, वहां के लोगों के पास दस हजार छोड़कर सौ रुपए भी नहीं मिलेंगे। इस व्यवस्था का परिणाम यह होगा कि सारा रुपया वही इलाके ले जायेंगे, जिन के पास रुपया है, और जो रुपया दे सकते हैं। जो गवर्नमेंट को हिस्सा देगा, वही अपने इलाके में रुपया ले जा कर खर्च कर सकेगा। अगर हम ऐसे इलाकों में रुपया खर्च करना चाहते है, जो कि पिछड़े हुए हैं, तो हम उन से भीख मांग सकते है कि इतना पैसा गवर्नमेंट देती है, अगर आप के पास रुपया नहीं है, तो कम से कम आप शरीर से मेहनत कीजिए और रुपयों के बजाये वह आप का हिस्सा मान लिया जायगा। अगर यह नहीं किया जायगा, तो पिछड़ा हुआ इलाका पिछड़ा हुआ ही रह जायगा। मैं उम्मीद करता हूं कि इस बा तका ख्याल रखा जायागा। अगर यही सिस्टम रखा गया कि रुपया देने वाला ही रुपया ले जायगा, तो मैं समझता हूं कि राजस्थान में मेरी कांस्टीच्युन्सी का एक जिला गंगानगर सब से आगे रहेगा, क्योंकि वह सब से साधन-सम्पन्न है और वहां प्राडक्शन बहुत होता है और वहां पैसे वाले बहुत लोग हैं, इस लिए सारा पैसा उधर चला जायगा और जिस के पास पैसा नहीं होगा, वह पिछड़ा हुआ रह जायगा।

श्री पहाड़िया (सवाई माधोपुर रक्षित–अनुसूचित जातियां) : इस से माननीय सदस्य के क्षेत्र को फायदा हो जायगा।

श्री प० ला० बारूपाल : यह एक क्षेत्र का सवाल नहीं है। केवल एक क्षेत्र के फायदे से काम नहीं चलेगा। अगर सारे हिन्दुस्तान का कोई भी हिस्सा कमजोर रहता है, तो फिर हमारा देश कमजोर रहता है। अगर हम गंगानगर, बीकानेर को तरो-ताजा कर दें, तो सारा हिन्दुस्तान सरसब्ज नहीं हो जायगा। हम को सारे हिन्दुस्तान को एक तरीके से देखना चाहिए और हमने सारे हिन्दुस्तान का डेवेलपमेंट करना है और वह तभी हो सकता है अगर हम इस बारे में सही तरीकों से सोचेंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे माननीय मंत्री जी ने जिस तरीके से यह कार्य शुरू किया है, वह उस को आगे बढ़ायेंगे।

मेरा सुझाव है कि पंचायतों के चुनावों को किसी तरह कम किया जाये। चुनावों में हमारा समय बहुत बरबाद होता है और लोगों का भी समय बहुत बरबाद होता है। यह चुनाव आम चुनाव के साथ कराये जायें और एक बीच में करा कर तीसरा चुनाव आम चुनाव के साथ करा दिया जाये।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि पंचायतों में जो पिछड़े हुए या हरिजन नामजद किये जाते हैं, उन को सही मायने में न्याय नहीं मिलता है, क्योंकि हरिजन बहुत दबा हुआ है और इसलिये वह दूसरों के काम्पीटीशन में, मुकाबले में नहीं आ सकता। लोग क्या करते हैं कि चुनाव करने के बाद नामीनेट करने के लिये सिफारिश करते हैं। यह सिफ़ारिश करें, या नामीनेट करें, कुछ भी करें, लेकिन जब तक हरिजन मेम्बर नामीनेट नहीं किया जाये, तब तक सरपंच का चुनाव नहीं होना चाहिये। अगर सरपंच का चुनाव हो जाता है और पचायत का सारा काम चालू हो जाता है और उस के बाद हरिजन को लिया जाता है, तो इस का मतलब यह है कि हरिजन सरपंच के चुनाव में अपनी राय नहीं दे सकता, चाहे किसी को सरपंच चुनें, न चुनें। इसलिये पंचायत का चुनाव होने के तुरन्त बाद हरिजनों के एक या दो पंच, या महिला, को पहले नामीनेट कर दिया जाय और फिर सरपंच का चुनाव किया जाये, क्योंकि इसी स्थिति में, वह अपने मत की अभिव्यक्ति कर सकता है।

उपाध्यक्ष जी की भावना को देखते हुए मैं ज्यादा समय नहीं लूगा, लेकिन आखिर में मैं यह कहना चाहता हूं कि पंचायतों के हाथ में ज्यादा से ज्यादा अधिकार दिये जायें। तभी हम समझेंगे कि सही मायनों में हमारा लोक-राज है। होना यह चाहिये कि जो जन-प्रतिनिधि हैं, वे हुक्म दें और हाकिम लोग सहयोग करे, लेकिन हाकिम हुक्म दे और हम बैठे बैठे सुनें, यह डेमोक्रेसी में, प्रजातंत्र में शोभायमान नहीं है। हमारा राज हो, हुक्म हम चलायें, हुक्म देने वाले हम हों और हाकिम हमारे साथ सहयोग करें, यही मेरी भावना है।

श्री अजराज सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, सामुदायिक विकास मंत्रालय का काम संभवतः आज की पृष्ठभूमि में सब से महत्वपूर्ण काम है। आशा इस से यह की जा सकती थी कि यह मंत्री अपने कार्य से हिन्दुस्तान के गांवों का कुछ इस तरह का पुनरुत्थान और विकास करेगा, जिस से गांवों के लोग भी अपने आप को नगरों के रहने वाले लोगों के बराबर महसूस कर सकें और उन की उन्नति भी कुछ हो सके। लेकिन इस मंत्रालय का अब तक का जो कुछ काम है, यदि हम उस की समीक्षा करें, तो हमें बहुत दुख के साथ यह महसूस करना पड़ता है कि इस में यह मंत्रालय बहुत बुरी तरह असफल हुआ है।

एक तो संभवतः मैं ऐसा समझता हूं कि मंत्रालय के पास हर तरह का काम है—दवादारू का प्रबन्ध यह करेगा, नालियां यह बनवायेगा, खेती का उत्पादन यह बढ़वायेगा, इंडस्ट्रियल एस्टेट यह कायम करेगा, शिक्षा का प्रबन्ध यह करेगा, स्त्रियों की शिक्षा की व्यवस्था यह करेगा और सब से अलग चल कर राजनैतिक पार्टियों के लिये कुछ कार्यकर्ता पैदा करने की भी बात है । ये सारे के सारे काम सामुदायिक विकास मंत्रालय को करने हैं और ऐसा लगता है कि इन में से किसी भी काम को यह मंत्रालय नहीं कर पा रहा है अभी मेरे मित्र ने यह बताया कि किस तरह खेती के उत्पादन में ही इस मंत्रालय का कोई योग नहीं हो रहा है । द्वितीय पंचवर्षीय आयोजन में हम ने गल्ले की पैदावार के जो अपने लक्ष्य रखे, अब यह निश्चित हो गया है कि हम उन को पूरा नहीं कर पायेंगे । जो समाचार छप रहे हैं, उन से पता चलता है कि अब योजना आयोग यह मानता है कि सम्भवतः हम पूरी द्वितीय पंच-वर्षीय योजना के अन्तर्गत ७,३० लाख टन से ज्यादा अन्न पैदा नहीं कर सकेंगे, जबकि ८ करोड़ टन का हमारा लक्ष्य था । आगे हमें और अधिक बढ़ाना है । कहा जाता है कि १० करोड़ टन तक यह होना चाहिये और आशा यही की जाती है कि यही सामुदायिक विकास मंत्रालय हमारे उस काम को करेगा । लेकिन मैं कहना चाहता हूं—बहुत ही गम्भीरता के साथ यह कहना चाहता हूं कि यदि इस सब काम को सामुदायिक विकास मंत्रालय को करना है, तो उसे अपने सोचने और समझने के तरीकों पर बहुत ही गम्भीरतापूर्वक विचार करना पड़ेगा और पुनर्विचार करना पड़ेगा । हमारा उद्देश्य गांवों का विकास करना है, लेकिन इस काम के लिये जो कर्मचारी रखे गये हैं सामुदायिक विकास क्षेत्रों में, खंड स्तर पर या और नीचे के स्तर पर, वे सारे के सारे कर्मचारी इस तरह के हैं, जिन की पृष्ठभूमि गांव की नहीं है, जिन का रहन-सहन का तरीका गांवों का नहीं है, जो छुट्टी ले कर बराबर यह चाहेंगे कि थोड़े दिन के लिये शहर में जा कर सिनेमा देख आयें और शहर की दूसरी सुविधाओं को इस्तेमाल करें । मुझे इस तरह के एक कार्यकर्ता से बात-चीत करने का मौका मिला । वह यही शिकायत कर रहे थे कि विकास-खंड के हैडक्वार्टर पर हमारे रहने के लिये कोई स्थान नहीं है और हम अच्छी तरह खाना भी नहीं बना सकते हैं, इसलिये हम किस तरह रहें । अगर हिन्दुस्तान के गांवों का पुनर्निर्माण करना है, उन का विकास करना है, तो हमारे कर्मचारियों में इस तरह की भावना के रहते हुए हम इस में सफलता प्राप्त नहीं कर सकते । मैं यह नहीं कहना चाहता कि उन्हें ये सुविधायें नहीं मिलनी चाहियें । उन्हें सुविधायें देने की कोशिश करनी चाहिये, लेकिन वहां गांवों में उन सुविधाओं का देना एक तरह से आज की परिस्थितियों में असंभव है । जहां पर इस तरह का दृष्टिकोण हो वहां पर कोई काम नहीं बन सकता है । मैं देखता हूं कि हर विकास खंड में, हर खंड स्तर पर एक दफ्तर बन गया है, पहले से ही अगर कोई पुरानी इमारत मौजूद है, तो भी वहां दफ्तर बन गया है ।

उसी क्षेत्र में या वहीं पर किसी और क्षेत्र में किसी जगह पर दफ्तर का काम किया जा सकता है, लेकिन वैसा किया नहीं जाता है और यह समझा जाता है कि दफ्तर की नई इमारत जरूर बन जानी चाहिये । इस के साथ ही साथ अलग अलग विभाग यह समझते हैं कि उन के लिये अलग अलग डाक बंगलौज भी अवश्य होने चाहियें । एक छोटा सा कसबा है जिस की आबादी पांच हजार के करीब है, उस खंड में एक दफ्तर है और वहीं पर एक जिला बोर्ड का डाक-बंगलो है जोकि पहले से मौजूद है और साथ ही साथ एक नहर विभाग का गा सिंचाई

[श्री ब्रजराज सिंह]

विभाग का डाक बंगलो भी मौजूद है और अब यह विकास खंड का जो दफ्तर बना है उस में एक नया डाक बंगलो बनाया जा रहा है । पांच हजार का कसबा है और पता नहीं यह डाक बंगलों किस के लिये बन रहा है । अगर डाक बंगलो बनना है ....

श्री खुशवक्त राय : मिनिस्टर साहब वहां जायेंगे और ठहरेंगे ।

श्री ब्रजराज सिंह : मैं समझता हूं कि वह वहां नहीं ठहरेंगे और न ही ठहर पायेंगे । लेकिन मेरी शिकायत अकेले मिनिस्टरों के खिलाफ नहीं है, मेरी शिकायत तो सारी थिंकिंग के बारे में है, सोचने के तरीके के बारे में है, काम करने के तरीके के बारे में है । यह तीसरी तरह का डाक बंगलो किस के लिये बनाया जा रहा है ? जो वहां पर पहले से डाक बंगलो हैं, क्या उन से काम नहीं चल सकता है ? जो रुपया यहां पर खर्च किया जा हा है क्या उस का उपयोग जनता की हालत सुधारने में नहीं हो सकता है या ऐसे कामों में नहीं हो सकता है जिस से जनता को सुविधा मिले ? वहां पर इसे खर्च न कर के हम ऐसे कामों में खर्च करते हैं जिन की आवश्यकता नहीं है . . . .

श्री ब० सु० मूर्ति : क्या मैं माननीय सदस्य से पूछ सकता हूं कि वह कौन सा ब्लाक है जहां पर यह तीसरा डाक बंगलो बन रहा है ?

श्री ब्रजराज सिंह : आगरा में बाह विकास खंड है जहां यह बन रहा है । वहां पर पहले से ही दो डाक बंगलो मौजूद हैं । वहां पर जो आप का दफ्तर है, उस में एक डाक बंगलो बनाया गया है .....

सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्री (श्री सु० कु० डे) : दफ्तर में डाक बंगलो नहीं हो सकता है ।

श्री ब्रजराज सिंह : लिखापढ़ी में नहीं आता है । वे कहते हैं कि यह डाक बंगलो है, यहां पर लोग ठहरेंगे । कब ठहरते हैं, यह पता नहीं है । मेरी शिकायत यह है कि आप की जो लिखापढ़ी चलती है, उस लिखापढ़ी में कुछ काम

उपाध्यक्ष महोदय : अगर किसी कमरे में ठहरने के लिये उस कमरे का नाम कोई डाक बंगलो रखना चाहे तो क्या एतराज है ?

श्री ब्रजराज सिंह : कमरा नहीं है अलग अलग से दफ्तर बने हुए हैं और एक पर लिखा हुआ है कि यह डाक बंगलो है, यहां ठहरने का इंतिजाम है । अगर कोई अफसर आये और ठहरना चाहे तो कमरा उस को अलग से कोई दे दिया जाय, वैसी बात यहां नहीं है ।

मेरे कहने का मतलब केवल इतना है कि विकास खंडों में डाक बंगलोज इत्यादि अलग से बनाना आज की परिस्थितियों में जबकि आप के पास इतना रुपया नहीं है कि सारी पिछड़ी हुई अर्थ-व्यवस्था को सुधार सकें, उचित नहीं है और न ही इस की कोई आवश्यकता है । लेकिन यह बात होते हुए भी उस पर जोर दिया जा रहा है और कहा जा रहा है कि दफ्तर बनाये जायेंगे, नई नई बिल्डिंग्ज बनाई जायेंगी इस का नतीजा यह होता है कि कुछ लोग होते हैं जोकि अधिकारियों की सहायता से भट्ठे खोलेंगे, उन को कोटा मिलेंगे, और जो ईंट वे तैयार करेंगे, जोकि बहुत ही खराब शक्ल की होगी, उस से आप उन सब को बनायेंगे ।

तो यह सारे का सारा विचार करने का जो तरीका है वह ऐसा हो गया है जोकि गलत है और अगर इन्हीं तरीकों पर चला गया तो देश का कोई उद्धार नहीं होने वाला है, देश की कोई उन्नति होने वाली नहीं है । उन्नति तब हो सकती है जब आप के कर्म-

चारीगण अपने आप को वहां की साधारण जनता के साथ मिला लेते हैं, उसी ढंग से सोचते हैं जिस ढंग से कि वहां की साधारण जनता सोचती है । आज आप के कर्मचारी वहां काम कर रहे हैं और जो वे लिखापढ़ी करते हैं उस में कहते हैं कि इतने गांवों की यात्रा उन्हों ने की है, इतना टूर किया है, इतने लोगों के साथ सम्पर्क स्थापित किया है । सम्पर्क स्थापित करने की जब बात आती है तो मैं कहना चाहता हूं कि उन्हीं लोगों के साथ सम्पर्क स्थापित किया जाता है जिन के घर अच्छे पुते हुए होते हैं, जिन की बैठकें अच्छी पुती हुई होती हैं, गरीब आदमियों से सम्पर्क स्थापित करने का काम कोई नहीं करता है, साधनहीन के साथ सम्पर्क स्थापित करने की बात कोई नहीं सोचता है । तो मैं कहना चाहता हूं कि जब तक इस तरह का दृष्टिकोण बना रहेगा, तब तक आप के विकास खंडों के कर्मचारी उसी तरह से माने जायेंगे जिस तरह से अब भी पुलिस के थानेदार को लोग मानते हैं जो कि उन को डराता धमकाता है या किसी और कर्मचारी को मानते हैं जो कि शोषक की हैसियत से जाता है, सेवक की हैसियत से नहीं । आप के कर्मचारी भी अपने को उन का सेवक नहीं समझते हैं, नहीं समझते हैं कि उन्हें उन की मदद करनी है । तो मैं समझता हूं कि उन के दृष्टिकोण में मौलिक परिवर्तन होने की आज आवश्यकता है । अगर यह होगा तो गांवों की जनता की सेवा हो सकेगी और वह आशा कर सकेगी कि वाकई वे सेवक बन कर आये हैं, रौब जमाने के लिये उस के पास नहीं आये हैं । आज होता यह है कि वे कहते हैं कि वे लोगों की शिकायत कर सकते हैं, शिकायत कर के उन का काम बिगाड़ सकते हैं और आज ऐसा ढांचा चल रहा है, ऐसी प्रवृत्ति चल रही है कि सरकारी अधिकारियों की मंशा के खिलाफ अगर कोई काम करता है तो वे उस को कानून का हवाला देते हैं और कहते हैं कि इस के तहत वे उस की शिकायत कर सकते हैं, उस को फंसा सकते हैं । यह प्रवृत्ति अगर पुलिस और सरकारी कर्मचारी जो दूसरे हैं, उन की दूर न हो तो मुझे बहुत अधिक शिकायत नहीं होगी, लेकिन जो आप का विभाग है, जो नया विभाग है, जो कि जनता की सेवा करने के लिये स्थापित किया गया है, देश का विकास करने के लिये स्थापित किया गया है, उस के कर्मचारियों में अगर इस तरह की प्रवृत्ति पैदा होती है, इस तरह की शिकायतें करने का जनता को मौका मिलता है तो इस से बहुत नुक्सान होता है ।

यह कहा जाता है कि इस विभाग को उत्पादन बढ़ाने में मदद देने के लिये स्थापित किया गया है लेकिन इस तरह के लोग इस में भरती किये गये हैं, जिन को खेती के बारे में कुछ पता ही नहीं है, उन के जरिये से खेती का उत्पादन बढ़ नहीं सकता है । जब श्री स० का० पाटिल साहब खेती के मंत्री बने थे तो उन्होंने कहा था कि वह खेती के बारे में कुछ नहीं जानते हैं और अपने अफसरों से पूछे बगैर कुछ बता नहीं सकते हैं तो देश के कुछ लोग कहने लगे कि इस तरह से खेती की उन्नति कैसे हो सकती है लेकिन मैं समझता हूं कि कांग्रेस पार्टी में खेती का जानकार शायद कोई नहीं होगा जिस को कि मिनिस्टर बनाया जा सकता हो, इस वास्ते उन को मिनिस्टर बनाना पड़ा । लेकिन यहां पर तो दूसरी ही बात है । जो बी० डी० ओ० मुकर्रर किये जाते हैं, विकास खंड में दूसरे अधिकारी मुकर्रर किये जाते हैं, वे ऐसे किये जाते हैं जोकि गेहूं और जौ, बाजरे और जवार के पौधों में पहचान नहीं कर सकते हैं और उन को पता नहीं होता है कि इन में क्या फर्क है । मैं नहीं समझता हूं कि जब उन का खेती से सम्बन्ध रहता है, खेती से उन को सम्बन्ध रखना पड़ता है, तो वे खेती का विकास कैसे कर सकते हैं । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अधिकतर बी० डी० ओ० इसी तरह के हैं जोकि दो तरह के पौधों में क्या अन्तर होता है, यह नहीं बता सकते हैं, यह नहीं जानते हैं । उन से कैसे

[श्री ब्रजराज सिंह]

यह आशा की जा सकती है कि वे खेती के उत्पादन को बढ़ायेंगे. खेती की उन्नति वे करेंगे, या किसानों को खेती के काम में मदद पहुंचायेंगे । यदि आप इस तरह की उन से आशा करते हैं, तो यह आशा आप की पूरी नहीं हो सकती है । इसलिये इधर ध्यान देने की आज बहुत अधिक आवश्यकता है । अगर आप चाहते हैं कि खेती का उत्पादन बढ़े तो ऐसे लोगों को भरती करें जोकि खेती के बारे में जानकारी रखते हों, जोकि अपने को गांव की जनता का सेवक समझें, जोकि अधिकारी बन कर वहां न रहें, बल्कि सेवक बन कर रहें । आज सरकार उस को भरती करती है, जो अंग्रेजी पढ़ा लिखा होता है, कोट पैंट पहनता है, शहरों की जिन्दगी से जिस का सम्बन्ध होता है, जोकि सिनेमा का शौकीन होता है और जो इन सब चीजों को जरूरी समझता है और सरकार भी समझती है कि ये सभी चीजें जरूरी हैं । जब ऐसे लोगों को भरती किया जाता है तो उन का गांवों से कोई सम्बन्ध नहीं रहता वे गांव वालों का विश्वास प्राप्त नहीं कर सकते हैं । हमारे देश में मुश्किल से एक परसेंट लोग ही अंग्रेजी पढ़े लिखे हैं और उन्हीं में से बी० डी० ओ० तथा दूसरे कर्मचारियों को भरती किया जाता है इस का नतीजा यह होता है कि जो ९९ परसेंट दूसरे लोग हैं, वे समझते हैं कि को गुलाम बनाया जा रहा है । इस वास्ते मैं समझता हूं कि आप का जो दृष्टिकोण है, उस में मौलिक परिवर्तन होने की जरूरत है और जब तक ऐसा नहीं होता है, तब तक कुछ हो नहीं सकता है ।

16 hrs.

इस रिपोर्ट में इंडस्ट्रिल एस्टेट्स का भी जिक्र है । सफा ७ पर कहा गया है कि २० रूरल इंडस्ट्रियल एस्टेट्स सी० डी० ब्लाक्स में आप कायम करेंगे और दूसरे भी स्माल इंडस्ट्रियल एस्टेट्स कायम करेंगे । इस में लिखा हुआ है :—

"Out of 20 Rural Industrial trial Estates in the pilot projects, construction work has been almost completed in seven and five of them are under occupation by industrial units."

इस का मतलब यह हुआ कि नौ में से पांच इंडस्ट्रियल यूनिट्स के आक्युपेशन में हैं और इस पांच में से काम कितनों पर शुरू हो गया है, इस के बारे में आप ने कुछ नहीं लिखा है । मैं समझता हूं कि काम शुरू नहीं हुआ है । इसी तरह से आगे कहा गया है :—

"Out of 20 Rural Industrial Estates for C.D. blocks, 4 have been completed and occupied".

२० में से ४ पूरी हुई हैं और आक्यूपाई हो चुकी हैं । सम्भवतः काम इन पर भी शुरू नहीं हुआ है । इस तरह से आप देहातों का विकास करना चाहते हैं, वहां पर उद्योगों का विकास करना चाहते हैं । पिछले दिनों उद्योग मंत्री ने ऐलान किया था कि तीसरी योजना में ५०० इंडस्ट्रियल एस्टेट्स वह कायम करने वाले हैं । मैं कहना चाहता हूं कि इंडस्ट्रियल एस्टेट्स की स्थापना तक गांवों में नहीं होती है, इन को आप जब तक वहां नहीं ले जाते हैं, तब तक उत्पादन बढ़ने वाला नहीं है, जनता में विश्वास पैदा होने वाला नहीं है, विकास खंडों में उत्पादन खेती का बढ़ने वाला नहीं है ।

मैं कहना चाहता हूं कि आप के सारे कार्यक्रमों में से जनता में यह भावना पैदा हो रही है कि आपने जनता को दो हिस्सों में बांट रखा है, एक शहरी जनता और दूसरी देहाती जनता । शहरी जनता के लिये तो आप सब कुछ करते हैं, देहाती जनता के लिये उतना कुछ नहीं करते है जितना कुछ आप को करना चाहिये । आप की पालिसी का क्या नतीजा हो रहा है ? भाखड़ा नंगल में आप बिजली पैदा कर रहे हैं और वह बिजली किस के काम में आयेगी ? वहां की बिजली

देहातों में इलैक्ट्रिफिकेशन करने के या वहां पर स्थापित होने वाले उद्योगों में के काम में आने के लिये नहीं है और न आप वहां उसे देंगे । आप दिल्ली को लाइन ले गये । अगर पंजाब की सरकार टैक्स लगाना चाहती है तो कहा जाता है कि कानून नहीं है, हम सोच रहे हैं कि इस को कैसे रोक सकते हैं । सारे का सारा सोचने का तरीका गलत है । आज बिजली का उपयोग होना चाहिये उद्योग को बढ़ाने में, खेती को बढ़ाने में, लेकिन आप उस को देहातों में न बढ़ा कर शहरों में उस को पश्चिमीकरण करने के ढंग से खर्च कर रहे हैं । इसलिये मैं निवेदन करूंगा कि यह जो आप इंडस्ट्रियल एस्टेट्स की बात कहते हैं वह सही बात है । उन को आप गांवों में खोलें, देहातों में ले जायें ताकि वहां की जनता को मालूम हो और जो आप के बेकार लोग हैं उन को काम दें वहां, लेकिन आप उस को नहीं करते हैं । कहते हैं कि कुछ बन गये हैं, लेकिन कुछ बनने से काम नहीं चलने वाला है ? क्या बन गये हैं । २० में से ४ बन गये हैं । इस पर और जोर होना चाहिये । ५०० जो इंडस्ट्रियल एस्टेट्स बनने वाले हैं तृतीय पंचवर्षीय योजना में, उन में से देहातों में कितने बनने वाले हैं । मैं कहूंगा कि उन में से सारे के सारे देहातों को जाने चाहियें । बड़ी इंडस्ट्रीज को आप शहरों में ही खोलते हैं । बड़ी इंडस्ट्रीज के लिये बहाना यह है कि गांवों में उन बड़ी इंडस्ट्रीज के लिये स्थान ही नहीं है । जब जब इंडस्ट्रियल एस्टेट्स की स्थापना का सवाल आये तो कहा गया कि गांवों में बिजली नहीं मिल सकती है । आखिर जब बिजली चलती है एक जगह से दूसरी जगह तो क्या बीच में सारे के सारे शहर ही होते हैं, बीच में गांव होते ही नहीं हैं? यह बात मेरे समझने लायक नहीं है । एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में बिजली के देहाती इलाका भी पता है । आप, भाखरा से दिल्ली बिजली ले आये तो क्या उस के बीच में कोई गांव नहीं पड़ता ? वहां पर खंभे होंगे, वहां लाइन होगी । अगर आप की इच्छा हो, आप का दृष्टिकोण ऐसा बने तो जहां से हो कर लाइन जाती है, खंभे जाते हैं, वहां पर आप इंडस्ट्रियल एस्टेट्स कायम कर सकते हैं । लेकिन आप ऐसा करना नहीं चाहते हैं । इसलिये मैं कहूंगा कि अगर इस मंत्रालय का कोई काम है तो बिना किसी पक्षपात के और बिना किसी डर के उस को गवर्नमेंट के सामने साफ तौर पर रखना चाहिये कि अगर उसे कायम रखना है, उस के अस्तित्व को कायम रखना है तो वह जनता का वकील है और वह गांवों की जनता का विकास करेगा । लेकिन यह होता नहीं है । मुझे तो लगता है कि गांवों की जनता का वकील बन कर जो बैठा है वह मुई है से मिल गया है, वह शहर के लोगों से मिल गया है और कहना चाहता है कि हम तो शहर की जनता का विकास करेंगे । हम यहां पर केवल छोटे छोटे काम करेंगे ।

यहां प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स की बात कही गई कि प्राइमरी हेल्थ सेंटर खोलेंगे लेकिन प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स में क्या हुआ ? मैं डे साहब से पूछना चाहूंगा कि क्या कभी वह कहीं पर यह देखने गये हैं कि कितने प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स में दवाओं की बोतलों में दवा की जगह पानी भरा हुआ है ? वहां पानी के अलावा दवा है ही नहीं । लेकिन प्राइमरी हेल्थ सेंटर खोले गये हैं ताकि बाबुओं की कम्पाउंडरी या दूसरे छोटे छोटे कामों के लिये नौकरी मिल सके । क्या इसी तरह से देश का विकास होगा ? हम अपने को धोखा दे रहे हैं और देश के लोगों को धोखा दे रहे हैं इस तरह से । मैं कहूंगा कि मैं मानता हूं कि आप सब जगह इतने अस्पताल नहीं खोल सकते आज की परिस्थिति में । लेकिन हमदर्द दवाखाने ने १६६ दवाओं की लिस्ट छापी है, जड़ी बूटियों के नाम छापे हैं और उन्होंने कहा है कि करीब करीब हर गांव में ये मिलती हैं, और अगर नहीं मिलती हैं तो कुछ जगहों में उन को उगाया जा सकता है और उन को उगा कर लोगों की तकलीफों को दूर किया जा सकता है । आज अगर थोड़ी सी

[श्री ब्रजराज सिंह]

फुंसी के लिये आपरेशन करवाना हो तो शहरों में करवाया जा सकता है । इस का कुछ प्रबन्ध करना चाहिये । लेकिन आप तो पश्चिमीकरण के मजनू हैं, इसलिये कुछ नहीं करेंगे । प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स वहां पर खोले गये हैं ताकि बाबू को नौकरी मिले, लेकिन शीशियों में दवा नहीं है । इस तरह से काम चलने वाला नहीं है ।

सड़कों की बात आई कि सड़कें बनती हैं । कहां सड़कें बनती है ? सवाल कोई सड़कों का नहीं है, सारे के सारे दृष्टिकोण में आमूल चूल परिवर्तन करने की जरूरत है । मैं कहना चाहूंगा कि इस मंत्रालय के मिनिस्टर को गांवों की जनता का वकील हो कर कैबिनेट से मिलना चाहिये कि हम तैयार नहीं है मानने के लिये जो ५०० इंडस्ट्रियल एस्टट्स तृतीय पंचवर्षीय योजना में खुल रही है वह जा कर ओखला में खुलें या दिल्ली में खुलें । व देहातों में खुलनी चाहियें । और अगर ऐसा नहीं होता तो हम अपनी जिन्दगी को खत्म करने के लिय तैयार हैं । हम इस मिनिस्ट्री विनिस्ट्री को कायम नहीं रखना चाहते हैं कि हम जिस के लिय मिनिस्टर हैं उसी जनता को धोखा देते रहें । दूसरी बात मैं कहना चाहूंगा कि यहां प्रश्न उठा श्रमदान का । मैं मानता हूं कि श्रमदान के बारे में जो भावना फैल गई है वह बहुत ही गलत तरीका है । श्रमदान की तो बात वही हो गई है, जैसेकि पुराने जमाने में चौथ वसूल की जाती थी । लेकिन उसूली तौर पर यह सही चीज है । मैं जानता हूं कि जब तक हम अपने श्रम से इस देश का निर्माण नहीं करते है तब तक देश का उत्थान नहीं हो सकता है है क्योंकि देश के पास साधन नहीं है । लेकिन इस के लिये जरूरत इस बात की है कि हम वायुमंडल ऐसा पैदा करे कि देश की जनता यह महसूस करने लगे कि यह उस का काम है । वह काम नहीं करेगी तो देश का निर्माण नहीं हो सकता । लेकिन आप ऐसा करने में असमर्थ रहे है । उस की वजह यह है कि आप का दृष्टिकोण गलत है । जिन अधिकारियों से आप आशा करते है कि वे श्रमदान करेंगे वे तो केवल फोटो खिचवाने जाते हैं । वे कहीं जा कर एक फावड़ा हाथ में ले कर खड़ा हो कर फोटो खिचवाना चाहते हैं । यह बीमारी आज इस सेंट्रल हाल में ही नहीं चल रही है, वह देहात में भी फैल रही है । अधिकारी गांवों में जाते हैं तो फोटो वालों की आफत हो जाती है । उन के लिये अखबारों की व्यवस्था की जाती है । इन्फार्मेशन डाइरेक्टोरेट का लाखों रुपया खर्च कर के वे लोग अपना फोटो खिचवाने की कोशिश करते है । केवल इसीलिये अधिकारी देहातो में फावड़ा चलाने के लिये पहुंचते हैं । लेकिन सब लोग जानते हैं कि कितन लोग अखबारों को पढ़ते हैं गांवों में । इसलिये आज तो प्रश्न है फोटो खिचवाने का । उस से श्रमदान नहीं चल सकता है । मैं चाहता हूं कि जो श्रमदान की अच्छी भावना है, जिस के बिना देश का निर्माण नहीं हो सकता है, उस भावना को बिगाड़िये मत, उस की शक्ल को खराब मत कीजिय । आप क हाथ में पड़ कर उस की शक्ल खराब हो गई है । हमा नारा लगाना चाहते हैं कि देश के हर नागरिक को देश के लिय कम से कम एक घंटा श्रम करना चाहिये । जब तक वह ऐसा नहीं करेगा तब तक देश आगे नहीं पहुंच सकता । इसलिय सब को कम से कम एक घंटा श्रम करना चाहिय । आज हमारे पास साधन नहीं है, हम अमरीका और रूस के सहारे जी नहीं सकते । आप श्रमदान की उस भावना को डिस्फिगर मत कीजिये, उस को बदशक्ल मत कीजिये जोकि आप करते चले जा रहे है । चूंकि समय कम है इस लिये मैं अधिक न कह कर इस सम्बन्ध में यहीं कहूँगा कि इस के पीछे जो भावना उसी भावना से हम को कार्य करना चाहिये ।

उपाध्यक्ष महोदय : फोटो खिचवाना क्या देश की सेवा नहीं है ?

श्री बजराज सिंह : मैं जानता हूँ कि यह बहुत बड़ा सवाल है । जब अगले चुनाव आयेंग तो लोग सोचेंगे कि यह शक्ल हम ने कभी देखी थी । यह दिक्कत हो गई है कि गांवों में जो अधिकारी जाते हैं वे जो पार्टी इन पावर है उस के काम को करते हैं । त्यागी जी को शिकायत हो सकती है क्योंकि बद-किस्मती से वह उसी पार्टी में मौजूद हैं ।

श्री त्यागी (देहरादून) : मैं ने काफी फोटो खिचवाय है ।

श्री बजराज सिंह : इसे छोड़ कर मैं आप से थोड़ा कोआपरेटिव मूवमेंट के बारे में कहना चाहूंगा । जिस तरह से श्रमदान की आवश्यकता देश के लिये है उसी तरह से यह कोआपरेटिव मूवमेंट भी देश के लिय बहुत आवश्यक है । यह सरकारी आन्दोलन देश की रीढ़ है । अगर यह फेल होता है तो देश भी फेल होता है । लेकिन मुझे लगता है कि आप इसे फेल ही करवाना चाहते हैं । मैं यह चार्ज तो नहीं लगाऊंगा कि आप जान बूझ कर एसा कर रहे हैं लेकिन जो कुछ आप कर रहे हैं उस से यह भावना फैल रही है कि यह आन्दोलन फेल हो रहा है । वह बड़े अफसोस का दिन होगा देश के लिये जिस वक्त कोआपरेटिव मूवमेंट फल होगा । चाहे औद्योगिक क्षेत्र में हो चाहे सर्विस कोआपरेटिवज के क्षेत्र में हो, आप प्रस्ताव पास कर के पीछे हट रहे हैं । हो सकता है कि हमारे मित्रों के डर से हो, मसानी साहब यहां हैं नहीं, उन का डर हो गया है या पता नहीं क्या हो गया है, सरकार आज इस से पीछे हट रही है ।

श्री त्यागी : पीछे नहीं हटे हैं ।

श्री बजराज सिंह : त्यागी जी कहते है कि नहीं हटे हैं । लेकिन मुझे तो ऐसा लगता है कि त्यागी जी खुद डे साहब को समझा नहीं पाते हैं । मैं कहना चाहूंगा कि अगर आप कोआपरेटिव मूवमेंट को सफल बनाना चाहते हैं तो आप को इस में यह भावना पैदा करनी होगी कि यह देश के हित के लिये है और सब को इसमें आगे आना है । वहां पर आज यह चल रहा है कि जिस आदमी के सफेद कपड़े हैं वहीं डाइरेक्टर बन सकता है, गांव का वह आदमी जो मैले कपड़े पहनता है जो घुटनों तक धोती पहनता है, जिस के पैर में जूते नहीं हैं, जिस के कुर्ते में बटन नहीं हैं, वह डाइरेक्टर नहीं बन सकता । जब तक आप उस को डाइरेक्टर नहीं बनाते, जब तक आप उसकी सोसायटी को रजिस्टर नहीं करते, तब तक यह कोआपरेटिव मूवमेंट चल नहीं सकता । आज यह हो गया है कि जो पढ़े लिखे लोग हैं, जो सफेद कपड़े पहनते हैं, जो साधन रखते हैं वही इस पर काबिज होते चले जा रहे हैं, इसलिए नतीजा यह हो रहा है कि चूंकि लोगों के दिल में पाप होता है, वह अधिकारियों से मिलते हैं, वे अधिकारियों को भ्रष्ट करते हैं और दोनों मिल कर गांव की जनता को ठगा करते हैं, उस का शोषण करते हैं, जिस के लिए यह कोआपरेटिव मूवमेंट होना चाहिए । इसलिए इस में इस तरह का परिवर्तन किया जाये कानून और लोगों के दृष्टिकोण में कि जिस से जो अधिकारी हैं वह कोई रुकावट बन कर न बैठ जायें । अगर रुकावट बन कर बैठेंगे तो कोआपरेटिव मूवमेंट समाप्त हो जायेगा जिस को सफल बनाना आवश्यक है, जिस को हमें अपना पूरा सहारा देना आवश्यक है । वह सफल होना चाहिए ।

अन्त में एक बात कह कर ही मैं समाप्त कर दूंगा । अक्सर यहां पर डिमाक्रेटिक डीसेंट्रलाइजेशन की बात चलती है, जनतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की बात चलती है । हमारे राजस्थान के दोस्तों का कहना है कि वहां इसे अमल में लाया जा रहा है । मैं नहीं जानता यह ठीक है या नहीं, लेकिन अगर यह वाकई अमल में लाया जा रहा है तो अच्छी चीज है । परन्तु मैं एक चेतावनी देना चाहता

[श्री ब्रजराज सिंह]

हूं । हम पंचायतें बनायें, पंचायत समिति बनायें, जिला परिषद् बनायें जैसे कि राज्य सरकारों ने बना रखी हैं, हम उस के लिए चाहे जो कानून बनायें, लेकिन अगर हम अधिकार क्षेत्र का बटवारा नहीं करते हैं, कि यह केन्द्र का अधिकार है, यह जिला परिषद का अधिकार है और जिले का जो क्षेत्र है उस का अधिकार है, यह पंचायत समिति का अधिकार है, यह ब्लाक समिति का अधिकार है, परन्तु हमारे बीच में यह भावना रहती है कि हम उन से ऊंचे हैं । इस लिये नतीजा यह होता है कि कभी कभी कानून में इस तरह की व्यवस्था रहती है कि पंचायत समिति को भंग किया जा सकता है । मुझे मालूम नहीं है कि राजस्थान में जो कानून बना है उस में पंचायत समिति को भंग करने की व्यवस्था है या नहीं, लेकिन उत्तर प्रदेश में जो लंगड़ा कानून बना उस में यह मौजूद है । वहां पर जिला परिषद् को भंग किया जा सकता है । अब तो यों कर दिया गया है और विकेन्द्रीकरण के नाम पर डेमोक्रेटिक डिसेंट्रलाइजेशन की शकल भी खराब कर दी गई है। जो कलक्टर, डिप्टी और अन्य सरकारी अधिकारी हैं उनको कौंसिल के चुनाव में वोट देने का अधिकार दे दिया गया है । आप स्वयं समझ सकते हैं कि ऐसा होने से किस तरह सरकारी अधिकारियों में निष्पक्षता हो सकती है । जब आप उनको वोट देने का अधिकार दे देते हैं और कहते हैं कि विकेन्द्रीकरण के नाम पर यह कर रहे हैं तो मैं कहूंगा कि आप ऐसा करके वास्तव में विके-ड्रीकरण को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं । चौखम्भा राज्य के आदर्श को अपनाते हुए किसी का एक दूसरे पर अधिकार न रहे और एक दूसरे में कोई नीचे न रहे और जब हर एक का अधिकार क्षेत्र बंटा हुआ है तो यह उचित है कि कोई दूसरा उस में दखल न दे । अगर इस तरह से डेमोक्रेटिक डिसेंट्रलाइजेशन की बात करेंगे तो गांवों और देश की जनता को वास्तव में लाभ होगा ।

Shri Satyendra Narayan Sinha (Aurangabad—Bihar): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I sincerely thank you for having given me this opportunity to participate in this debate.

Mr. Deputy-Speaker: I found 'no' against his name under the demands of other departments. Therefore I have given him this opportunity.

Shri Satyendra Narayan Sinha: The Ministry is actually dealing with very vital activities at the moment in trying to transform the social and economic outlook of our people in the villages. We are trying to build a new social structure for our villages through the co-operative movement and the other two basic institutions, namely, *panchayats* and schools. It is the function of this Ministry to infuse life into this movement and through this to weld the atomic and individualistic life of the people into an organic whole bubbling with life, energy and enthusiasm which may be utilised for our developmental purposes. In this view of the matter I wish to express my agreement with Shrimati Subhadra Joshi when she said that this Ministry should be strengthened and, if necessary, upgraded.

I feel that the hon. Minister has had a very bad time today. The activities of the Ministry have come in for a good deal of criticism. But I wish to agree with my hon. friend, Shri Raghubir Sahai, who congratulated the hon. Minister for his achievements in this field. I feel that the Ministry has been able to achieve a certain measure of success at least in awakening a keen desire in the people for better living standards. Even the U.N. Mission which came to evaluate the activities of the community projects noticed significant changes in this regard. They have also said that they could find that there is an apparent change in the attitude of the people inasmuch as they do not feel that the status of a person depends upon his birth but on his ability to do something in the field of public work by a larger income, by

consistent generosity and by trying to educate their children. We also find that there is a great demand today for educational facilities. Then there is a clamourous demand for all sorts of improved techniques, fertilisers, seeds, etc. and if these things are not available there is impatience among the people. They are all trying to better their living standards and to do all they could to contribute towards their own development. In so far as the community development programmes have been able to create this urge in the people I feel that the Ministry is entitled to our appreciation. But I am also at one with Shri Raghubir Sahai who has more or less become a specialist in the community development activities, when he said that a certain caution is needed in expanding the activities of the community projects. He referred to the remarks of the U.N. Mission, that the rate of expansion is rather fast and, therefore, we are getting inefficient officers, many of the posts are vacant and we are not able to get results commensurate with all the money spent. The mission remarked that the expenditure was being incurred more on provision of amenities like roads and other things rather than on improving the lands for increasing production. Therefore, they wanted that the programme should be staggered. The Mehta Committee also felt the same way and the Government did agree with the Mehta Committee and tried to phase the programme. The whole country was to be covered with N.E.S. blocks by the end of 1961, but now the period has been extended to 1963—there is an extension of two years.

My hon. friend Shri Raghubir Sahai raised this question in the Half-an-Hour Discussion and the hon. Minister replied that while they all appreciated the labours put in by the U.N. Mission, the Government were not prepared to agree with the recommendations of the U.N. Mission for staggering the programme because already there is an expectation in the mind of the masses and if we are not going to cover the whole country with N.E.S. blocks by the end of 1963 there is bound to be discontent. Here I may say with respect to the hon. Minister that if we are going to raise the expectations of the people, and if we are not going to realise them in the measure expected we will create greater frustration. Today we take a comparative view of things. Even this morning my hon. friend Shri Tangamani referred to the article of Prof. Dumont who has referred to the progress made by China and compared with the progress made by us on the agricultural front. All this propaganda does create a sense of frustration among the people and if we are not able to realise our expectations, then it is bound to create more bitterness and frustration. Therefore, I underline the need for consolidating the progress already made and for going slow and trying to pick up those activities which are of immediate need. For instance, we should concentrate upon such activities which are intended to raise our agricultural production because that is the bed-rock on which we are afraid our whole plan is likely to founder.

Then I would like to refer to the scheme for non-official participation. The hon. Minister had already had several camps and has provided seats for non-officials. But the report says that very few people have actually taken advantage of the facilities offered. For that, I believe, sufficient propaganda needs to be done. But in addition to that I beg to submit that we should hold seminars and group discussions at convenient places preferably in such areas where these development activities are being carried. So that people could have a direct knowledge of things that are being done, and others round about may also be benefited by it. In this way we will be able to take advantage of non-official participation. We must also take care to associate non-officials in the actual working of these projects, so that their curiosity to know more about the subject may be roused. That willl lead to better understanding.

[Shri Satyendra Narayan Sinha]

Last year I referred to the attitude of officers towards the non-officials engaged in this work. I referred particularly to an officer who did not give any attention to our *mukhiyas* and *sarpanches*. The Deputy-Minister was very anxious to find out from Shri Braj Raj Singh who preceded me, the name of the block where there has been a duplication of a dak bungalow, but with regard to the incident in my own constituency that I had referred to, nothing seems to have been done. This kind of attitude did create a sort of inferiority complex among the *mukhiyas* and *sarpanches* who, though vested with full responsibility to do a very important task, became really so much disheartened that they would not come forward to take up the responsibility for any kind of developmental activities, or even to distribute grains in cheap grain shops through the medium of their panchayats. It is one of the pr me needs that the attitude of the officers should be reoriented; they should be more sympathetic, and try to give the *mukhiyas* and *sarpanches* status, respect and prestige, so that they may command the confidence of the people.

A complaint has been made that people of influence are not coming up to the panchayats, that second rate people, or persons with less influence, are coming up, with the result they are not able to command the co-operation of the people in the village. If we confer prestige and status on our *mukhiyas*, in course of time they will be able to command the willing obedience and co-operation of the other villagers.

Then I come to the village school. The primary teacher has to play a very dominant role in all these activities, but now he does not get integrated into the pattern of life of the village because he has a limited tenure in the particular village and is tranferred after two or three years. So, he does not acquire the same amount of interest which the school master used to have formerly, who used to stay on for the rest of his life in the village and become a part of its life. So, something should be done to give security of tenure to the village teacher. If he is doing useful work, he need not be disturbed, he can play a useful part in these activities.

I also suggest that the professors and teachers of secondary schools should be associated with this activity. An extension wing should be opened in these institutions as well, and in the vacation their services may be utilised. If need be, some kind of allowance may be given to them; they might go to the villages and give the villagers education and training.

I was anxious to find out from the hon. Minister what the fate of the report of the working group on co-operative farming is going to be, because fears have been expressed that these reports are submitted, but no action is taken in good time, and they are pigeon-holed. Even *The Statesman* has referred to this matter in a leading editorial. The report has been submitted already, and we would like to know from the hon. Minister when he is going to take action. My submission is that it would have been far better if the hon. Minister had afforded an opportunity to this House to express its opinion on the various recommendations that have been made by this working group, so that he could have considered the recommendations of the working group in the light of the opinions expressed by this House.

I may tell you that I am very happy to see the recommendations made in the report, which is a very balanced and reasonable report, because it sets at rest all the fears expressed by those who opposed co-operative farming in this House last year or on public platforms that the peasants are opposed to this, and it is going to lead to collectivisation, and that the property-owners are afraid of co-operative farming because they will lose their rights. The report has very clearly stated that the working

group is opposed to any kind of compulsion. They would not like unwilling farmers to join a co-operative society, and they have gone so far as to say that the U.P. Act should be suitably amended. At the moment, according to that Act, a retiring farmer of the co-operative society is not entitled to take back his land or the equivalent thereof. The working group feels that that will tantamount to a certain amount of compulsion or that will justify the fear held by some people that once you pool your land in co-operative farming, then you lose your right in the land, and you can never withdraw from the co-operative farming. The report does say that those who pool their land and resources will be free to withdraw from the co-operative society if they find that it is not to their benefit; and they will get equivalent land or land of equal productivity, or they can get cash by way of compensation, and the co-operative society can take the land on lease.

Although the officers and financing agencies are not very enthusiastic at the moment about this, yet, I feel that if we are going to take speedy decisions on the recommendations, and the House is also afforded an opportunity to discuss the report, there will be enough opportunity for us to go round in the villages and create a proper atmosphere, so that people may be educated about the benefits accruing from such co-operative farming societies.

With these words, I support the Demands of this Ministry.

Mr. Deputy-Speaker: Now, Shri S. A. Mehdi. Here is another hon. Member who has not spoken so far.

Shri S. A. Mehdi (Rampur): I am one of the admirers of the work of this Ministry, and I always consider that this Ministry is doing considerable fine work. The mere fact that it has in a short time covered such a large area of the country and has constructed so many blocks, and millions and millions of people have come in their programme, is an achievement by itself. But it is a fact that never before has so much money been spent or such a concerted effort been made to develop the rural areas, and never before have the people so willingly participated in their own uplift and the reconstruction of their own villages and places. All the efforts, whether in the line of agriculture, health, education, industry or co-operation, and now panchayats also, all these efforts are, of course, being done for the villagers, and a lot of these villagers are taking part in these constructive efforts. The blocks spending these large amounts are spending them on the village people. After all, these activities will certainly have their results and they certainly have their developmental effects.

I divide this Ministry into four sections: the Central Ministry and its relations with other Ministries, the Department in the State and its relations with the other Departments, the District and the Block. I cannot understand how when this Ministry at the Centre draws up a programme or chalks out a line of action and when it reaches the village level, the Block level, it more or less completely changes in its nature. The whole set-up is such that by the time it reaches the executional stage, the Blocks are unable to translate the policy of the Ministry at the Centre in the proper way.

I think that it is, firstly, due to the continuous shifting of emphasis in the programme drawn up by the Central Ministry itself. In the short period of these four or five years, the emphasis has been continuously shifting. First, it had been on agricultural production, then on training of people, then on training of non-officials, now on co-operation, panchayats and education of the people. The Ministry has taken up much more than it can probably handle. I think the abundance of these objectives is one of the obstacles in the way of this Ministry.

[Shri S. A. Mehdi]

Secondly, these objectives seem to be beyond the operative capacity of the Central Ministry as well as the State and the Block personnel. Again, I think the States are not fully co-operating with the Central Ministry and its programmes. If I may read out from the Report of the Study Team of the industrial pilot project, their assessment has clearly indicated that the States are not fully participating in the endeavours of this Ministry, in most of the work that is being taken up. The Report says:

> "Where a Block Development Committee or a State Government is not interested in a scheme, it it wasteful and demoralising to establish a project. Whatever the intrinsic merit of the idea, it is foredoomed to failure".

On another page, it refers to:

> "....absence of enthusiasm and interest evinced in the programme by the respective States."

It is not fully carried out by the States and then by the lower strata of the executive machinery. The whole programme fails to reach its objective and its aim.

Another point I would like to emphasise is the abundance of literary material in this Ministry. I would ask the Minister and the Ministry to reduce the amount of literary material that they are publishing today. (*Interruption*). Every year we have an Evaluation Report; and in every Evaluation Report there are recommendations and assessments and they give certain suggestions and things of that sort. Before these suggestions are carried out, before these assessments are fully appreciated and evaluated, another set of Evaluation Reports come in. Before anybody goes through that Evaluation Report, some other people come from abroad or there is something and there is a continuous flow of reports and literature which it is very difficult to understand even for those people who publish them, much less the village people whom they do not even reach.

Shri Harish Chandra Mathur (Pali): All these reports are obsolete.

Shri S. A. Mehdi: So, I should say that they should limit the scope of their literary activities and the amount of reports that they produce. It is extremely confusing and it is extremely difficult to follow.

The Deputy Minister of Food and Agriculture (Shri A. M. Thomas): Quite plain speaking.

Shri S. A. Mehdi: The whole result is that by reading these reports we get quite a different idea. When one goes to the Blocks and sees the actual operation there, he is either extremely disappointed or gets a wrong idea of the whole working of these blocks.

In the debates on this Ministry, we must have actually noticed the nature of the criticism on the execution of the different activities of the Community Blocks, which, I think, is irrelevant because this is a co-ordinating Ministry. But, I think it is the fault of the Ministry itself. This Ministry claims to do everything which is actually the job of the other Ministries. It claims to do the work or task of the Agriculture Ministry; it claims to do the work of the Irrigation Ministry; it claims to do the work of the Health Ministry; and it claims to do the task of the Industry Ministry at the village level and at the Block level. At these levels all the other Ministries seem to have ceased to function. There seems to be no other Ministry except the Block. It seems that this Ministry has all the Ministerial responsibilities from the Block below.

Dr. M. S. Aney: They have become block-headed.

Shri S. A. Mehdi: I do not know whether they have become block-headed. What is the work of the head

of the Blocks in actual operation? He is supposed to co-ordinate. But he has no power. If he wants to do anything, he is dependent on the departments of the other Ministries. He cannot do anything on his own either in the field of Irrigation or in the field of Agriculture or in the field of Health or in the field of Industry. He has to depend on others. What is the result? The Block is completely subordinate to the district. The district is the centre of work of these Blocks. The Blocks are only following the instructions of the district; and from the district, it becomes a bureaucratic departmental unit. It does not have an identity of its own. The whole thing is blocked at the Block level. I should say it has no independent function of its own. The entire work is carried on under the instructions of the district authorities. The block has to be subordinated to whatever influences work in the district, whether they are official or political The block headquarters are similarly situated in places which can conveniently be accessible to the district headquarters and to the visitors from outside. The actual need of the rural area for which the block headquarters are meant is not taken into consideration. I know so many block headquarters situated in such places from where the rest of the areas are inaccessible for at least 8 months of the year. There is a river between them. The block headquarters are on one side of the river and the entire area of the block is on the other side and for six months or even eight months, this area is inaccessible from the block headquarters. What progress or what contact can be there between these two places? The entire work is done at the headquarters and the result is a lot of paper work. Then, whoever comes and visits that area goes to a particular or limited area where he can go easily on jeep or on some other vehicle and he only sees that area and does not go to the internal parts of the block. The result is that the entire block does not function fully, in the proper way

Another defect is the sketchy training of the block personnel. They should be given greater facilities for reorientating their knowledge and also a longer period of training. They should be sent back to these reorientation centres more often and they should be given ample opportunities to refresh their knowledge. As some hon. Members pointed out, recruitment is not done from the agriculturists who know about agriculture and all these things. So, when these people reach the block, by the time they understand something of the block, they are shunted out to another block and again by the time they understand a part of that block, they are transferred to a third block. Whatever benefit can be had by the understanding of that person is not to that block and a person with less experience comes to that block. The new person has again to understand and learn these things.

I would advise that these blocks should have three sections each. Administration section and office are one section. The other should be the operational section and to this the *gram sevaks* and others should be attached. They should do only field work and not administrative or office work. The third section should be purely the statistical section. It should have all the statistics of the block and also the important information of the block in one place. Whatever you want to do in that block should be by consultation between the block and the panchayat. They should be associated with the panchayats also....

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member's time is up.

Shri S. A. Mehdi: I was going to read one remark of this report, if you would permit me. In this report also, about the industrial pilot project, they say:

> "It would not be possible to ascertain whether this programme received any support from active or expanding agricultural economy. Assumptions like this are made and crucial decisions

[Shri S. A. Mehdi]

like the location of projects are based on such assumptions."

There are so many other remarks which I could read from this report.

Mr. Deputy-Speaker: I allow only this much.

Shri S. A. Mehdi: It would show that most of these important works like the industrial pilot project have to be based on assumption. If there is a statistical section of the Block, it would collect all the important information regarding the whole area concerned with the Block, and that will have more or less all the important information for the project in future.

पंडित ज्वा० प्र० ज्योतिषी: (सागर) : उपाध्यक्ष महोदय, मराठवाड़ा के एक माननीय सदस्य ने आज यह कहा है कि वहां के ग्रामों के विकास की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है और यदि ग्राम विकसित नहीं होते हैं तो यह शासन की अक्षमता ही समझी जायेगी । मैं समझता हूं कि जितने लोग भी इस तरफ बैठे हुए हैं वे इस चीज को भली भांति महसूस करते हैं कि देश का हृदय ग्रामों में बसा हुआ है और गांवों की तरक्की पर ही देश की तरक्की निर्भर करती है । मैं उन आदमियों में से हूं जो इस चीज पर यकीन करते हैं कि यदि गांव विकसित नहीं होते है, तो हमारा स्वराज्य पूरा स्वराज्य नहीं है, जब तक गांवों में अविद्या का अंधकार है जब तक गांवों के लोगों को हमने ठीक तरह से रोजी, रोटी और रिजक पाने के अवसर प्रदान नहीं किये, जब तक घर घर में हम ने प्रगति के प्रकाश को नहीं पहुंचाया, जब तक हम ने भारतवर्ष के ग्रामीण जीवन में नई लहर नहीं दौड़ा दी जिस में वे अपने जीवन की महत्ता को समझने लगें, तब तक हम यह नहीं कह सकते है कि हमारी स्वराज्य की लड़ाई पूरी हो गई है । केवल विरोधी पक्ष यह मसमूल करता हो कि ग्रामों का विकास देश का विकास है, ऐसी बात नहीं है, इस सदन का हर माननीय सदस्य, इस देश का हर नागरिक चाहे वह नगर में बसता हो, चाहे गांवों में रहता हो, यह महसूस करता है कि हजारों और सैकड़ों वर्ष से हमारे गांवों की उपेक्षा होती आ रही है और अब जबकि हम आजाद हैं तो हमें अपनी पूरी शक्ति लगा करके गांवों को ऊपर उठाना है और कम्युनिस्टी डिवेलेपमेंट या विकास की जो बात आज हो रही है वह इसी लिए हो रही है कि हम ने इस चीज को महसूस किया है कि गांवों की हालत बिगड़ी हुई है और उसको सुधारने के लिए हमें कोशिश करनी है । क्योंकि गांवों के आदमी पिछड़े हुए है, गांवों के उद्योग धंधे टूटे हुए हैं, इसलिए विशिष्ट इंजैक्शन दे कर हम उन्हें ऊपर उठाना चाहते हैं और जिस तरह से एक बीमार आदमी को राजी करने के लिए इंजैक्शन दिया जाता है और वह ठीक हो कर चलने फिरने लग जाता है, उसी तरह से इनको भी हमें अपने पांवों पर खड़े होकर चलने लायक बनाना है । इस तरह से एक विशिष्ट इंजैक्शन हम दे रहे हैं और चाहते हैं कि ये प्रगति की राह पर आयें, गांवों के लोग देश के अन्य नागरिकों के स्तर पर आयें ।

आज से सात साढ़े सात बरस पहले शासन ने सामुदायिक विकास की बात को मंजूर किया था और इसको इसी लिए मंजूर किया था कि जो वहां की स्थिति है उससे हम पूरी तरह से अवगत हैं और हम जानते हैं कि हमारे देश का उत्थान गांवों के उत्थान पर निर्भर है । इन पिछले सात वर्षों में इस देश में गांवों के उत्थान के लिए जो काम हुआ है, उसके बारे में यह कहना कि उससे हम सन्तुष्ट हैं या यह सोचना कि हमारी जो आकांक्षायें हैं, वे पूरी हो गई हैं, ठीक नहीं होगा । आकांक्षाओं की दृष्टि से वह नगण्य-प्राय कार्य है । लेकिन सैकड़ों और हजारों वर्षों से पिछड़े हुए चले आ रहे इलाकों में निर्माण का काम सरल काम नहीं हो सकता है ।

जिस तरह से भवन की नींव डालने में और भवन को खड़ा करने में देर लगती है और उस काम को पूरा करने में दिक्कतें आती हैं, उसी तरह से पिछड़े हुए इलाके का उत्थान करना आसान नहीं है, काफी कठिन काम है। इस में सात साढ़े सात वर्ष का समय कोई विशेष महत्व नहीं रखता है। इस अवधि में भी शासन ने इस दिशा में जो काम किया है, उसके लिए वह पर्याप्त रूप से धन्यवाद डिजर्व करता है, बधाई डिजर्व करता है। गांवों में इन वर्षों में हम ने १ अरब ५३ करोड ९७ लाख रुपये विभिन्न कार्यों के लिए खर्च किये हैं। जनता ने भी अपनी तरफ से सहयोग दे करके ७९.७८ करोड़ रुपये खर्च किये हैं। जनता का यह सहयोग श्रमदान के रूप में, धन-दान के रूप में तथा अन्य रूपों में हमें प्राप्त हुआ है। श्रम-दान के खिलाफ भी यहां पर बात कही गई है। यह हो सकता है कि इधर उधर खामियां रह गई हों, गलत भावनायें पैदा हो गई हों लेकिन उसने देश को उठाने के लिए, अपना पसीना बहाया है, खून देने के लिए वह तैयार हुई है और मिल करके, अपनी शक्ति को पूल करके, एकत्रित करके उसने अपने इलाके को ऊपर उठाने में कोई कसर नहीं रखी है, और मिल करके काम करने की भावना उस में दृढ़ हुई है। इस दृढ़ता को जब मैं देखता हूं तो मैं समझता हूं कि यह महत्वपूर्ण कार्य है और इस कार्य को रोका नहीं जाना चाहिए।

हमारी खेती का हमारे कम्यूनिटी डेवेलपमेंट में बहुत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। ठीक बात है, कृषि पर इस देश के ग्रामों का जीवन निर्भर है। अगर हम आर्थिक दृष्टि से गांवों को उठाना चाहते हैं तो चूंकि कृषि हमारे यहां का प्रधान धन्धा है, इसलिए कृषि की दिशा में अधिक से अधिक भाग लगाया जाना चाहिए। शासन ने २३,३८८ हजार मन सुधरे बीजों का वितरण किया है, ५५,४५७ हजार मन केमिकल फर्टिलाइजर का वितरण किया है और ७,३३८ हजार कृषि प्रदर्शनी की। इस तरह से लोगों में अच्छे बीज पहुंचाये, अच्छी खाद पहुंचाई और अच्छी भावनाओं का आप ने इस तरफ अनुष्ठान किया, और इस का असर भी हुआ है। इधर उधर जिन इलाकों में अच्छे कार्यकर्ता पहुंचे, अच्छे कर्मचारी पहुंचे, कर्मचारियों से मेरा मतलब है कि लोगों को सहायता करने वाले जो लोग हैं, वे जहां पहुंचे वहां के किसानों में स्फूर्ति आई है और वे जुट कर इस देश को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। किसान यह महसूस करने लगे हैं कि यह बड़ा भारी दुर्भाग्य है कि कृषि हमारा मुख्य धन्धा होते हुए, विशाल जमीन की सम्पत्ति होते हुए भी हमें करोड़ों रुपये का गल्ला विदेशों से लाना पड़ रहा है, और इस लिए किसान जागृत हो कर इस दिशा में यत्नशील हैं कि वह इस देश की जनता का पूरी तौर से भरण पोषण कर सकें और इस के लिए वह अधिक से अधिक अन्न पैदा करें। मैं ने देखा कि किसान इस तरफ प्रेरित हो रहे हैं। वे इधर उधर खेत भी तैयार कर रहे हैं, इधर उधर की योजनायें बनाते हैं और हमारे पास दौड़े आते हैं सिंचाई योजनाओं को ले कर। वे जागृत हो गये हैं। उन को लगता है कि प्रचुर गल्ला मिल सके तो जो हम अपने नोट्स को जलाते रहते हैं, अपनी सम्पत्ति को स्वाहा करते रहते हैं उस से हमें त्राण मिले। कम्यूनिटी डेवेलपमेंट के क्षेत्रों में जो काम होता है निश्चित रूप से हम उस का असर अपने देश के गांवों में बराबर देखते हैं। निश्चित रूप से एक उत्साह की हिलोर हमारे ग्रामीण इलाकों में फैली हुई है और वे जागृत हो गये हैं, वे यत्नशील हो रहे हैं। इस चीज के रहते हुए हमारे ग्रामवासी यह महसूस नहीं करते हैं कि यह धन बेकार जा रहा है। परिस्थिति यह है कि जिन इलाकों में कम्यूनिटी डेवेलपमेंट ब्लाक्स नहीं हैं, उन इलाकों के आदमी हमारे पास आते हैं हमें घेरते हैं, दफ्तरों में घेरते हैं और इस बात की बार बार आजिजी के साथ प्रार्थना करते हैं कि हमारे इलाके में पूरी तरह पर कम्यूनिटी डेवेलपमेंट

[पंडित उमा० प्र० ज्योतिषी]

ब्लाक्स खुल जाने चाहियें, हमारे इलाके के लिए भी विकास करने के लिए रुपया मिलना चाहिए । यह चीज इस बात को द्योतक है कि अपने पड़ोस के इलाके में जो तरक्की होती है उस को लोग देख रहे हैं और यह चाहते हैं कि उन के इलाके में भी जल्दी वह तरक्की का काम शुरू हो । जो मित्र यह समझते हैं कि जो यह विकास का कार्य चला वह सफल नहीं हुआ या वह निष्फल गया है, वह गलत चीज है । यह भ्रम है उन्हें । जिस तरह जब तक मकान बनाते समय नींव के ऊपर मकान नहीं आता है तब तक दूर से देखने वाले आदमी को पता नहीं चलता है कि मकान बन रहा है, उसको पता बाद में हो लगता है, उसी तरह से गांवों को बनाने का काम जो इधर उधर चल रहा है वह निश्चित रूप से तेजी के साथ चल रहा है अच्छे रूप में चल रहा है और उस के कुछ आसार अब मामूली किसान के सामने आने लगे हैं ।

कृषि के क्षेत्र में शासन द्वारा गांवों गांवों में कुछ काम हो रहे हैं । जहां अच्छे कर्मचारी हैं निश्चित है कि वहां अच्छा काम हो रहा है । दुर्भाग्य यह है कि हमारे देश में जैसी शिक्षा दीक्षा रही है उस के कारण देश के लिए काम करने की भावना हमारे लोगों में कम रही । आज जो हमारे यहां वातावरण है वह अहम् और स्वार्थ की भावनाओं से प्रपीड़ित वातावरण है । ऐसे वातावरण में से हमें आदमी निकालने पड़ते हैं और जैसे आदमी हमारे शिक्षालयों से चल कर हमारे सामने आते हैं वही सब आदमी हैं जो कि इन कार्यों को अपने कंधों पर सम्भाले हुए हैं । जहां पर सही आदमी हैं उन इलाकों में काम सही रूप में होता है । जिस समय डेवेलपमेंट ब्लाक्स बनाने की बात आई थी, हम लोगों ने चाहा था कि उन आदमियों को, जिन्होंने अपनी जिन्दगी देश की सेवा में खपा दिया है, इस कार्य में लगाया जाय । हमारा दुर्भाग्य यह था कि उस वक्त इस बात को माना नहीं गया । लेकिन मैं समझता हूं कि देर आयद, दुरुस्त आयद । आज भी यह बुरी बात नहीं होगी कि हम वैसे आदमियों को इस देश में ऐसे इलाकों में उपयोग करें जो कि गांव गांव के लिए पहले काम करते रहे और आज भी छोटे छोटे काम इधर उधर गांवों में करते हैं । अगर वे जा कर लोगों की शक्ति को हार्नेस करें तो मैं समझता हूं कि जो इमोशनल जागृति आज गांवों में हुई है वह जागृति वास्तविक काम के बारे में भी हमें प्राप्त हो सकती है ।

17 hrs.

हम जब गांवों की स्थिति पर विचार करते हैं तो मैं समझता हूं कि कृषि का जो धन्धा है वह अधिक आदमियों से बोझिल हो गया है । बहुत से आदमी खेती के ऊपर निर्भर हैं और अगर हम यह चाहते हैं कि गांवों की हालत दुरुस्त हो, ग्रामों की एकानामिक्स दुरुस्त हो, तो इस के लिए जरूरी है कि हम खेती बाड़ी पर से कुछ आदमियों को हटायें और उन्हें दूसरे उद्योग दें । गांवों में इधर उधर इंडस्ट्रियल एस्टेट्स स्थापित करने की बात हमारे सामने आई । मुझे दुःख है कि इस दिशा में पूरी प्रगति नहीं हुई । एक किस्म के २० इंडस्ट्रियल एस्टेट्स और दूसरी तरह के ६ एस्टेट्स बनाने की बात हुई, लेकिन केवल ७ और ५ अर्थात् १२ एस्टेट्स ही बन सकी । यह भी मालूम हुआ कि अमीर ही शायद इस मामले में खड़े हो सकें । ठीक है अगर इंडस्ट्रियल एस्टेट्स कायम होती हैं तो उन में कुछ काम तो शुरू हो, लेकिन गांवों का औद्योगिक विकास पूरा तभी होगा जब देश में पूरे लोगों को, घर घर को कोई उद्योग दे सकें । आज ४० प्रतिशत से अधिक किसान ऐसे हैं जो सम्भवतः ३७ या ४० प्रतिशत समय खेती से बाहर रहते हैं । उन को कुछ उद्योग चाहिए जिस में वे अपने बाकी समय का उपयोग कर सकें । चर्खे और कर्घे की बात रिपोर्ट

से कुछ मालूम पड़ी । चर्खे और कर्घे गांवों में बहनों को मिल सकें, इस तरह की व्यवस्था की गई कि अम्बर चर्खा उन के पास तक पहुंच सके । इस से सन्तोष नहीं होता मुझे जब मैं देखता हूं कि ५० लाख रु० केवल इस काम के लिए दिये गये । ५० लाख रु० से साढ़े पांच लाख गांवों का औद्योगिक विकास किस सीमा तक हो सकता है ? मैं समझता हूं कि जरूरी है कि हम इस देश में कुछ और अधिक राशि इधर उधर से जुटा कर दे सकें । अगली योजना में हम अगर चाहते हैं कि गांव की उन्नति हो तो जरूरी है कि गांवों के औद्योगिक विकास की ओर अभी और ज्यादा ध्यान दिया जाय । यह निश्चित है कि आज की जो औद्योगिक प्रगति है उस का थोड़ा बहुत लाभ मिल रहा है । लेकिन अगर हम गावों की फीडिंग नहीं करते हैं और जोरों के साथ, तो मुझे लगता है कि आने वाले वर्षों में भी गांव और ज्यादा पिछड़ जायेंगे क्योंकि शहरों की प्रगति हो ही रही है और फिर जैसा कि दूसरे मित्र महसूस कर रहे हैं, इस देश के दो टुकड़े हो जायेंगे, एक ग्रामीणों का और दूसरा शहरियों का और उन में

17.04 hrs.

[SHRI MULCHAND DUBE *in the Chair*]

इतनी ही खाई हो जायेगी कि उसे भरना मुश्किल हो जायेगा । मैं खुद भी इस चीज को महसूस करता हूं । मेरा मतलब है कि हम ग्रामीणों के औद्योगिक विकास में और अधिक शक्ति लगायें । यह चीज जरूरी है और इसके लिए मुझे ऐसा लगता है कि क्या इंडस्ट्रियल एस्टेट्स या बड़े उद्योग और बड़ी संख्या में हमारे गांवों में नहीं जा सकते हैं । हम को घर घर में कोई न कोई उद्योग पहुंचाना है, हमें हर बहन और हर भाई को जिस को अवकाश मिलता है, हम चलाने से अवकाश मिलता है, कोई ऐसा उद्योग उस के छप्पर के नीचे देना है जिस उद्योग से वह अपनी आय को बढ़ा सके । अगर हम यह नहीं करते हैं तो हमारे गांवों की प्रगति नहीं हो सकती है । शहर के रहने वालों को आज सहूलियतें हैं । अगर लड़के को कालेज भेजना है तो थोड़े पैसे में काम चल सकता है । वह उस पैसे में से कालेज की फीस भी दे सकता है और घर के घर में रह सकता है । लेकिन इसके विपरीत गांव के आदमी को अगर अपने लड़के को पढ़ाना है तो उसको शहर भेजना पड़ेगा और आप बखूबी समझ सकते हैं कि आज गांवों की जैसी आर्थिक स्थिति है और शहरों में जैसे महंगाई है उसको देखते हुए वह अपने बच्चे को कैसे शहर में पढ़ा सकता है और आज की घुड़दौड़ में कैसे वह आगे निकल सकता है । इसलिए यह बहुत जरूरी है कि हम ग्रामीण जनों की आर्थिक स्थिति को सुधारने का प्रयत्न करें । इसके लिए उन्हें कोई आलटरनेटिव उद्योग जो कि अधिक लाभ देने वाले हों ऐसे उद्योग उनको दें और साथ ही साथ यह जो आधुनिक विकास की सुविधाएं हैं जैसे युनिवरसिटीज और कालिजेज वगैरह जो कि शहरों में होते हैं उनको हम गावों में ले जाने की कोशिश करें ताकि ग्रामीण आदमी उनके द्वारा अधिक लाभ उठा सके ।

छोटे छोटे घरेलू उद्योग जो कि जीवन की उपयोगी वस्तुओं के निर्माण में सहायक हो सकते हैं, ऐसे लाभप्रद और उपयोगी उद्योगों को हम गावों में कायम करने की कोशिश करें । अभी हम ने जो रिपोर्ट देखी है उस रिपोर्ट से हमें यह सन्तोष नहीं है कि गांवों में ऐसे उद्योग खोलने और उन में औद्योगिक विकास की तरफ पर्याप्त ध्यान दिया गया है । बड़े बड़े उद्योगों पर रुपया खर्च किया जाना जरूरी है । कुछ ऐसी चीजें हैं जिन के कि निर्माण के लिए हमें बड़े उद्योग खड़े करने पड़ेंगे और जाहिर है कि उन बड़े उद्योगों को सम्भवतः ऐसे स्थानों पर ही खड़ा कर सकते हैं जिनका कि ताल्लुक शहरों से हो और जहां कि आवागमन के साधन मौजूद हों । लेकिन जहां तक छोटे उद्योगों का सम्बन्ध है उन को हमें गांवों में खड़ा करना चाहिए । उद्योगों के सिलसिले में मुझे एक बात यह मिली कि आर्टस क्रैफ्ट्स म्यूजियम की स्थापना

[पंडित ज्वा० प्र० ज्योतिषी]

की जायगी । मुझे लगता है कि यह विंडो ड्रेसिंग जैसा काम है । मैं आर्ट्स और क्रैफ्ट्स म्युजियम के खिलाफ नहीं हूं और एक विकसित देश में इसका कायम किया जाना उचित ही है । अब शहर के आदमियों ने कोई बहुत अच्छी कला कौशल का परिचय दिया है, बहुत सुन्दर और अच्छी वस्तुओं का वह निर्माण करते हैं तो उन वस्तुओं को वहां पर रखा जाय ताकि बाहर के लोग और देश के लोग देखें कि हमारे शहर वाले कैसी अच्छी कलाकृतियां पेश करते हैं लेकिन ऐसे पिछड़े हुए और अविकसित देश में यह चीज करना मुझे लगता है कि यह अपने को और दूसरों को भुलावे में रखने जैसी बात ही होगी । वह म्यूजियम बने, इससे मुझे कोई इंकार नहीं है लेकिन उनके द्वारा हम इस चीज से सन्तुष्ट नहीं होने वाले है । हम दस, बीस इम्पोरियम्स में देश से इकट्ठा करके यदि कुछ चीजें लाकर रख देते हैं तो इससे हमें सन्तोष नहीं होने वाला है । हम तो चाहते हैं कि गांव गांव में वे चीजें तैयार होने लग जायें । लेकिन यह जो इस तरह की कुछ चीजें और कला कृतियों के उत्कृष्ट नमूने देश के एक कोने से दूसरे कोने तक से इकट्ठा करके इस तरह के इम्पोरियम्स में रख दिये जाते हैं और उनको देखने वाला यह समझता है कि भाई वाह देश का कितना औद्योगिक विकास हो गया है और फलाने गांव में इतना सुन्दर काम हो रहा है तो यह तो दूसरों को और अपने को भुलावे में डालना होगा । हमें तो देखना होगा कि आखिर कितने भाई और बहनें हैं जो कि इस काम में लगी हुई हैं । हमें तो देश के करोड़ों आदमियों को जीविका देनी है । क्या वह आर्ट्स एंड क्रैफ्ट्स की चीजें जिनको कि हम म्युजियम में रखने वाले है, या जो हमारे इम्पोरिम्स में मिलती है वह करोड़ों आदमियों को रोजी प्रदान कर रही हैं ? क्या करोड़ों आदमियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में वे सहायक सिद्ध हो रही हैं, हमें इस की ओर ध्यान देना होगा । कोई चीज जो शुरू हो, कोई भी चीज जिस पर कि इस देश का पैसा खर्च किया जाय उसके लिए इस बात का पूरा पूरा ध्यान रखना चाहिए कि वह मुगालता देने के लिए न हो । वह एक सुनहरे स्वप्न में खो जाने के लिए न हो और वह हम को एक यथार्थ स्थिति से भटका कर भुलावे में डालने वाली चीज न हो बल्कि वह हम को अपनी यथार्थ स्थिति का सदैव ध्यान दिलाने वाली हो । देश की जो वास्तविक स्थिति है उस से हम हमेशा अवगत होते रहें ।

